हरियाणा विधान सभा

की

कार्यवाही

7 जनवरी, 1975 (द्वितीय बैठक)

खण्ड 1, अंक 6

अधिकृत विवरण

विशय–सूची

मंगलवार, 7 जनवरी, 1975 (द्वितीय बैठक)

पृश्ठ संख्या

राज्यपाल के अभिभाशण का चर्चा (पुनरारम्भ) तथा धन्यवाद

(6)1–73

प्रस्ताव पर मतदान

हरियाणा विधान सभा

मंगलवार, 7 जनवरी 1975 (द्वितीय बैठक)

विधान सभा की बैठक, हरियाणा विधान सभा हाल, विधान–भवन, सैक्टर–1, चण्डीगढ़ में 14–00 बजे हुई। अध्यक्ष (**चौधरी सरूप सिंह**) ने अध्यक्षता की।

राज्यपाल के अभिभाशण पर चर्चा (पुनरारम्भ)

तथा धन्यवाद प्रस्ताव पर मतदान

चौधरी ि ाव राम वर्मा (नीलोखेड़ी): स्पीकर साहब, मैं कल इस बात की चर्चा कर रहा था कि बिजली की कमी के कारण प्रांत की पैदावार को बहुत धक्का लग रहा है। यह केवल खेती की पैदावार में ही नहीं हो रहा है बल्कि उद्योग भी बन्द पड़ते जा रहे हैं और वे पूरी पैदावार नहीं कर पा रहे हैं और उद्योगों में पैदा होने वाली चीजों में कम पैदावार होने की वजह से वे चीज़े महंगी होती जा रही है क्योंकि जब पैदावार कम होगी और उनकी मांग ज्यादा होगी तो कीमतें तो बढ़ेंगी ही। इसलिए इसकी तरफ वि ोश ध्यान दिया जाना चाहिए। जिस तरह से कई सालों से लारे दिए जाते रहे है। उस तरह लारे देने से और केवल कागज़ों पर ही बातें रख कर काम नहीं चलेगा बल्कि हमें इसके लिए कोई

ठोस कदम उठाने पड़ेंगे। इसलिए आव यकता इस बात की है कि बिजली की पैदावार बढ़ाने की तरफ सबसे ज्यादा पहल दी जाए, चाहे कुछ भी ढंग अपनाने पड़ें। जब तक हमारे यहां बिजली की आगे पैदावार नहीं बढ़ेगी तब तक कोई भी हमारा काम चाहे खेती का है, चाहे उद्योग का है, आगे नहीं बढ़ सकेगा। मैंने कल प ाुओं के बारे में भी कुछ चर्चा की थी कि जींद में प ा चारा संयंत्र लगा है। उसके बारे में मैं इतना कहना चाहूंगा कि कुछ लोगों ने मुझे बताया है कि वैसे बाजार से वह चीजें लेकर अगर चारा बनाया जाए तो इससे वह वहां का बना चारा महंगा पड़ता है तो इसकी ओर भी मैं सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं कि उस संयंत्र का चारा अगर बाजब कीमत पर मिलेगा तब ही लोग उसे खरीदेंगे, और लोगों को लाभ पहुंचेगा। इससे आगें मैं यह कहना चाहता हूं कि पीने के पानी की समस्या बहुत गम्भीर है और 27 साल की आजादी के बाद भी हम इस समस्या को हल नहीं कर पाए हैं और हम इस काबिल नहीं हो सके कि लोगों को पीने का पानी दे सकें। केवल हर बार अपने भाशणों में लारे देने से और इस तरह की बातें करके लोगों को बहलाया जाता हैं इस तरह करने से कब तक काम चलेगा और कब ते लोगों को बहकाने रहेंगे। तो मैं अर्ज़ करता हूं कि सबसे ज्यादा प्रायिरिटी पीने के पानी को दी जानी चाहिए और जिन गांवों में पीने के पानी का प्रबन्ध नहीं है वहां इसका सबसे पहले प्रबन्ध किया जाए। इसके साथ ही मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि आर्थिक तौर पर जो कमजोर लोग हैं और जो माली तौर पर पिछड़े हुए हैं उनके लिए

सरकार को वि ोश पग उठाने चाहिएं, केवल कुछ आंकड़े देकर किसी साल कुछ दे दिए और किसी साल कुछ दे दिए इससे हालत सुधरने वाली नहीं है। इस बारे में कम से कम तीन चीजों की तरफ वि ोश ध्यान दिया जाना चाहिए और ये तीन चीजें हैं ि ाक्षा, चिकित्सा और न्याय। ये तीनों चीजें हर व्यक्ति को सस्ती और समान रूप से उसके अधिकार के अनुसार मिलनी चाहिएं लेकिन इस वक्त ये तीनौं इतनी महंगी हैं कि गरीब आदमी के बस में नहीं है। केवल पैसे वाले और तगड़े लोग इन बातों में आगे बढ़ते हैं और कमजोर वर्ग के लोग पीछे रह जाते हैं।

स्पीकर साहब, ि ाक्षा के बारे में तो मैं यह कहना चाहता हूं कि यह सबको मिलने की बात तो पीछे रह गई यह यकसां भी नहीं की गई है। अमीरों के बच्चे तो पब्लिक स्कूलों में पढ़ते हैं और गरीबों के लिए वही पुराने ढर्रे के प्राइमरी स्कूल गांव में हैं, जिनका कोई भी स्डैण्डर्ड नहीं कहा जा सकता। इसलिए यह सरकार का काम है कि वह ि ाक्षा को सब के लिए यकसां और एक स्तर की बनाए या तो सारे ही स्कूल पब्लिक स्कूलों के स्टैण्डर्ड के हों या फिर सारे स्कूल ऐसे हों, जैसे गांव में हैं तब ही कहा जा सकता है कि ि ाक्षा के मामला में समाजवाद आ गया है। इस वक्त तो यह होता है कि अमीरों और अफसरों के बच्चे तो पब्लिक स्कूलों में पढ़ कर अफसर बन कर निकलते हैं और गरीबों के बच्चे तो क्लर्क भी नहीं बन पाते हैं वे तो ि ाक्षा प्राप्त करने के बाद बड़ी मु ि कल से चपड़ासी ही बन

पाते हैं। इसलिए मेरा कहने का तात्पर्य यह है कि ि ाक्षा यकसां की जाए और यह बात केवल कागज़ों में ही न रहे, बल्कि यह अमली तौर पर की जाए और इसके करने के लिए कोई टाईम की हद रखी जाए। यह जो हमारी ि ाक्षा प्रणाली है इसमें आमूलचूल परिवर्तन होना चाहिए, और ऐसा होना चाहिए कि जो नौजवान पढ़ कर निकलें, ि ाक्षित हो कर निकलें, उनके अन्दर अनु ाासन होना चाहिए, आत्म वि वास होना चाहिए और वे इस योग्य हों कि ि ाक्षित होने के बाद अपने पांव पर खड़े हो सकें। और नौकरियों के पीछे भागने की बजाए प्रांत के अन्दर उद्योग लगा कर अपना निर्वा कर सकें और इस तरह से दे ा की सेवा भी कर सकें, क्योंकि उनके ऐसा करने से दे ा भी आगे बढ़ेगा। तो ऐसा करने के लिए इस ि ाक्षा पद्धति में आमूलचूल परिवर्तन करने की आव यकता है। हमारे ि ाक्षा मन्त्री चाहे वह हमारे प्रदे ा के हैं या केन्द्र के हैं, वह भी कहते हैं कि ि ाक्षा पद्धति में आमूलचूल परिवर्तन होना चाहिए लेकिन यह पता नहीं लगता कि वह यह बात किससे कहते हैं क्योंकि यह हाम तो उनके करने का है। हमारे राश्ट्रपति भी यही बात कहते हैं कि लेकिन अगर वह सरकार को यह हिदायत करें कि वह इस में परिवर्तन लाए तो यह उसका फिर कर्त्तव्य बन जाता है कि वह इस पद्धति में सुधार लाए। इसलिए मैं निवेदन करना चाहता हूं कि केवल बातें करने से यह काम नहीं होगा इस बारे में कोई ठोस कदम उठाए जाएं। हमारे हरियाणा में जो ि ाक्षा का बड़ा केन्द है वह कुरुक्षेत्र वि वविद्यालय है, लेकिन आप देखें उस में आजकल किस प्रकार की स्थिति पैदा हो रही

है। वह वि वविद्यालय इस वक्त पुलिस का कैम्प बना हुआ है और उस के अन्दर पुलिस राज के ढंग का काम चल रहा है। विद्यार्थियों को बहुत आतंकित किया जा रहा है, वहाँ से पांच विद्यार्थी निकाल दिए गए और 112 विद्यार्थी ब्लैक लिस्ट कर दिए गए हैं और इस से भी ज्यादा को बुरी तरह से परे ाान किया जा रहा है। यह आतंक समाप्त होना चाहिए क्योंकि विद्यार्थी ही हमारे भावी नेता होंगे दे ा के मालिक होंगे और कर्णधार होंगे। इसलिए उनके साथ दु मनी वाला रवैया अगर रखेंगे तो यह अच्छी बात नहीं होगी। उनके अन्दर दे ा प्रेम की भावना जागृत करनी चाहिए और उनको प्यार में अनु ाासन में लाने का प्रयत्न करना चाहिए। मैं तो यह कहता हूं कि यह केवल विद्यार्थियों का ही कसूर नहीं है, यह हमारी इस ि ाक्षा पद्धति का कसूर है, जिसमें अनु ाासन के बारे में दे ा प्रेम के बारे में और उनको रचनात्मक काम करने के योग्य बनाकर अपना जीवन निर्वाह करने के योग्य बनाने के बारे में कोई ध्यान नहीं दिया गया है केवल किताबी पढ़ाई पर जोर दिया जाा रहा है।

अब मैं कुछ आवास के बारे में सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं। इस मामला में गांव की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया गया है। जब भी पूछते हैं, तो यही कहा जाता है कि भाहरों के लिए बस्तियां बनाई जा रही हैं क्योंकि वहां ही जरूरत है और गांव के लिए कोई भी ऐसी योजना नहीं बनाई जाती है। गांव में भी बहुत अधिक संख्या में पिछड़े वर्ग के लोग, हरिजन, गरीब लोग

जो आर्थिक तौर पर बहुत पिछड़े हुए हैं, बसते हैं, जिनको रहने के लिए मकानों की बहुत दिक्कत है, लेकिन गांव के लिए कोई भी आवास योजना नहीं बनाई जाती है, केवल बातें ही की जाती हैं। इस ओर भी सरकार को ध्यान देना चाहिए कि वहां भी बहुत लोग ऐसे रहते हैं जिनके लिए इस योजना के बनाने की जरूरत है। रोजगार देने के बारे में इसमें लिखा गया है कि जो लोग एम्पलायमैंट एक्सचेंजिज में रजिस्टर्ड हैं उनमें से केवल 11 प्रति ात बेरोज़गारों को रोजबार मिल सका है लेकिन बहुत बेरोज़गार ऐसे हैं जिनके नाम वहां दर्ज़ भी नहीं है, इसलिए अगर 11 फीसदी के हिसाब से ही रोज़गार मिला, तो फिर यह मसला कैसे हल हो सकता है, क्योंकि बेरोज़गारों की तादाद तो बढ़ती जा रही है और इस हिसाब से यह बेरोजगारी कब खत्म होगी। मैंने इस बारे में पहले भी सुझााव दिया था, लेकिन उसकी तरफ ध्यान नहीं दिया गया है। मैं निवेदन करता हूं कि इसका हल यह है कि ग्रामोद्योग, लघु उद्योग या कुटीर उद्योग कह लो, जब तक इन उद्योंगों का जाल नहीं बिछाएंगे तब तक यह बेरोज़गारी की समस्या हल नहीं होगी। यही इसका एक मात्र हल है, वरना यह आगे से आगे गम्भीर से गम्भीर होती चली जाएगी। पैसे तो हर साल बजट में रखे जाते हैं, और खर्च भी किए जाते होंगे, लेकिन मसला ज्यों का त्यों है, क्योंकि सही ढंग से इस मसला को नहीं पकड़ा जा रहा है और यही वजह है कि यह समस्या बढ़ती जा रही है, कम तो इसने क्या होना हैं इसका हल करने के लिए सरकार को ईमानदारी के साथ काम करना चाहिए। इस सम्बंध मैं

मैं यह भी कहना चाहूंगा कि जो बड़े–बड़े उद्योग हैं, उनमें जो छोटी छोटी चीजें बनती हैं उन पर पाबन्दी लगनी चाहिए।

मैं चाहता हूं कि कुटीर उद्योगों में ही छोटी चीजें बनें। अगर कुटीर उद्योग ही ऐसी चीजें बनाएं, फिर तो हम कामयाब हो सकते हैं लेकिन अगर बड़े उद्योग भी बनाएं और छोटे भी बनाएं तो छोटे उद्योग बड़े उद्योग बड़े उद्योंगों का मुकाबला नहीं कर सकते और अन्त में फेल हो जाएंगे, खत्म हो जाएंगे। इन कुटीर उद्योगौं में बैड ाीट, चमड़े का काम, साबुन, तौलिए, जूते, तेल इत्यादि बनें और इनके बनाने पर बड़े उद्योगों पर पाबन्दी लगाएं ताकि छोटे उद्योग तरक्की करें और लोग अपने पैरों पर खड़े हों। ऐसा करने से लोगौं के मन में आत्म वि वास जागेगा, नवयुवक कालेज से आने के बाद, ि ाक्षा पूर्ण करने के बाद कोई न कोई काम–धन्धा करने के लिए तैयार हो जाएगा और अपने अन्दर आत्म–वि वास पैदा करेगा।

यहां पर हरिजनों के बारे में बात आई, मैं इनके बारे में एक बात कहना चाहता हूं। मैं तेजी से चलने की कोि ा ा कर रहा हूं, क्योंकि बातें बहुत सी हैं। और बातें तो हरिजनों के लिए हैं ही, सरकार केवल छुआछूत भी अभी तक समाप्त नहीं कर सकी। वैसे रेडियों पर चाहू छुआछूत के बारे में कुछ कह दें, यहां हाउस में भी कह देते हैं, लेकिन आप अपने–अपने गांव में जाकर देखें, तो पता लगेगा कि छुआछूत उसी तरह कायम है। वोट मांगने के लिए कुछ कह दें, यह बात अलग है लेकिन आप रोज़

के व्यवहार में देखें कि कितने लोग हरिजनों के साथ विवाह भाादियों में भाामिल होते हैं, कितने लोग कुएं पर पानी इकट्ठा भरते हैं ? इतने अर्से में भी हरिजनों में आपस में अभी तक छुआछूत समाप्त नहीं हुई, और इस बात पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। इसमें हरिजनों या दूसरे लोगों का दोश नहीं है, यह सरकार की नीति का दोश है क्योंकि सरकार चाहती है कि छुआछूत चलता रहे ताकि दो वर्ग बने रहें और हम कायम रहें। सिर्फ कागज़ में आर्डर करने से काम नहीं चलेगा। अगर दे ा का, प्रान्त का भला करना है तो सही कार्यवाही करनी होगी, तभी हमें लाभ पहुंच सकता है। यहां पर हरिजन कल्याण निगम के द्वारा हरिजन कल्याण की बात कही गई। लेकिन मैं समझता हूं कि हरिजनों का तो इतना कल्याण नहीं हुआ है, कल्याण तो किसी और का ही हुआ है। मैं आपको हिसार जिले का एक उदाहरण देना चाहता हूं। आज से कई साल पहले, हिसार जिले के 40–42 हरिजनों को ट्रैक्टरों लिए कर्जा मिला और वह ट्रैक्टरों के नाम पर खर्च गया। उन हरिजनों के पास न तो जमीन है और न ट्रैक्टर्ज़ हैं। इसी मामलें में इन्वाल्वड एक फर्म है जिसका नाम है "सरदार सिंह जगत सिंह"। यह हिसार में थी लेकिन अब भाायद मुझे पता लगा है वह फर्म नहीं रही, आज से कुछ दिन पहले थी। उसने ये ट्रैक्टर सप्लाई किए थे। मुझे पता लगा कि इस सदन के एक सदस्य का इसमें हाथ है। मैं समझता हूं कि यह रुपया एक तरह से चोरी हो गया खुर्दबुर्छ किया गया और इस रुपए का गलत इस्तेमाल किया गया। अध्यक्ष महोदय इसलिए मैं आपके द्वारा

निवेदन करूंगा कि विधान सभा के सदस्यों की एक समिति बना दी जाए जो इस चीज की जांच करे, छानबीन करे और इसकी रिपोर्ट विधान सभा के पटल पर रखी जाए। अगले सै ान में यह रिपोर्ट आ जाए क्योंकि तब तक ये सारे तथ्य समिति के सामने आ जाएंगे यह एक बहुत बड़ा स्कैंडल है। हरिजनों के नाम पर कर्जा आता है लेकिन हरिजन कहते हैं कि हमने तो लिया नही नहीं। फिर जिन लोगों ने यह रुपया हेरा फेरी से लिया उन्होंने ही कर्जा की किस्त मांगने पर दाखल करवा दिया ताकि उनकी पोल न खुले। जिस काम के लिए यह पैसा खर्च होना चाहिए था हरिजनों की बहबूदी के लिए, उस पर तो खर्च नहीं हुआ बल्कि किसी औरों की बहबूदी हुई हरिजनों की नहीं हुई, इसलिए इसकी जांच बहुत जरूरी है।

अध्यक्ष महोदय, इसके साथ ही साथ में कहना चाहूंगा कि और उद्योग तो बन्द पडे हैं परन्तु सरकार ने एक और ही उद्योग की तरफ ध्यान दिया है। मैं इस पर थोड़ी देर ही बोलूंगा इसलिए मैं चाहूंगा कि सरकार इस बात पर ध्यान दे कि जिस चीज का प्रान्त को कोई लाभ नहीं है, जिससे लोगों का चरित्र खत्म होता है उसका उद्योग सरकार ने भाुरू कर दिया और राज्यपाल महोदय के अभिभाशण में कहा गया कि भाराब उत्पादन भाुरू हो गया है। भाराब उत्पादन की इतनी आव यकता कही थी ? भाराब उत्पादन की इतनी आव यकता कही थी ? हमें तो दूसरी चीजों की आव यकता है, यह सरकार भाराब की तरफ क्यों

जा रही है ? इससे न दे ा का भला है, इससे समाज में खोखलापन आ रहा है। इससे बहुत हानि होने वाली है इसलिए सरकार को चाहिए कि ऐसे उद्योग न खोल कर दूसरे उद्योग खोले जिससे दे ा की उन्नति होती है।

अब मैं प ाुधन की चर्चा करना चाहूंगा। प ाुओं को नाकारा बनाकर, बीमार घोशित करके बाहर भेजा जाता है। उनको इस तरह बाहर न भेजें, बल्कि यहां पर ही उनकी नसल सुधारी जाए। अगर हम नसल सुधारेंगे तब ही हम प ाुधन का सुधार कर सकते हैं। करनाल भ्ागर मिल मेरे ख्याल में 7–8 साल से रजिस्टर्ड सोसायटी है लेकिन अब आकर इसमें थोड़ा सा सुस्त रफ्तार से काम भ्ारू हो गया है। सोनीपत में भी एक और मिल लगाई जाने की योजना है, ये दोनों मिलें जल्दी मुकम्मल होनी चाहिए। अगर ये भी सात आठ सात तक लटकी रहें जिस तरह से ये लटकी रही तो इससे बहुत नुकसान हो जाएगा। इससे इस प्रान्त की तरक्की रूक रही है, सारे निर्माण के कार्य बन्द हैं। पंडित जी रोज कहते हैं कि स्लो डाउन कर दिया, आहिस्ता कर दिया गया है, ऐसा नहीं होना चाहिए। यह काम जितनी जल्दी पूरा होगा उतनी ही ज्यादा हम अपने प्रान्त को तरक्की की ओर ले जा सकते हैं।

जहां तक बस सुविधा का ताल्लुक है, इसके बारे में मैं इतना ही कहना चाहूंगा कि बस स्टौप्स पर सवारियां खड़ी रहती है, बस ड्राईवर बस स्टौप पर रोकता ही नहीं, सवारियां खड़ी

रहती हैं और बस एक फर्लांग पर जाकर खड़ी होती है और लोगों को दौड़ लगानी पड़ती है। इस पर तो कोई पैसा खर्च नहीं होगा, बिना पैसे से ही इसमें सुधार हो सकता है। लोगों को इस बात की सुविधा होनी चाहिए कि बस–स्टौप पर बस खड़ी हो, वहीं से सवारियां उतरें और वहीं से चढ़ें। इसके इलावा जो बस–स्टौप बने हुए हैं वहां पर बस की इंतजार में दा–दस, बीस–बीस सवारियां खड़ी रहती हैं। लेकिन धूप और बारि ा से बचने के लिए वहां पर कोई भौड नहीं है। इसलिए सरकार से गुजारि ा है कि बस–स्टौप पर भौड बनाए जाएं ताकि लोगों को सुविधा मिल सके।

अध्यक्ष महोदय, गवर्नर ऐड्रैस पर एक और बात आई कि वर्श 1974 के दौरान सामान्य कानून की व्यवस्था की स्थिति सन्तोशजनक रही है।

श्री अध्यक्ष: अगर आप इस तरह से पढ़ने लगे तो सारा टाईम लग जाएगा। आप बाइंड अप करें, आपने काफी टाईम ले लिया है।

चौधरी ि ाव राम वर्मा: अध्यक्ष महोदय, मैं अभी खत्म करने जा रहा हूं। इसके बारे में मैं कहना चाहूंगा कि पिछले दिनों, पिछले साल कई जगहों पर पुलिस ने ज्यादती की है। अगर इन ज्यादतियों की गिनती करने लगूं तो बहुत समय लग जाएगा। पेहोवा, पानीपत, करनाल, बरवाला, रिवास वगैरा कई जगहों पर

पुलिस ने ज्यादती की है। यह ज्यादती रोकी जानी चाहिए। लठ से राज कुछ दिन तो चल सकता है लेकिन यह जनतन्त्र है, अगर सरकार जनता की सहमति से चले तो अच्छी बात है। इसलिये पुलिस राज की भावना समाप्त होनी चाहिए। पुलिस व्यवस्था की एक मिसाल आप को देना चाहता हूं कि पिछले दिनों अम्बाला छावनी में एक तारा चंद वर्मा ....

श्री अध्यक्ष: आप वाइंड अप करें, आप पहले ही काफी समय ले चुके हैं।

चौधरी ि ाव राम वर्मा: मैं खत्म करने जा रहा हूं जी।

श्री अध्यक्ष: टाईम मुकर्रर किया हुआ है, उसके मुताबिक चलना पड़ेगा, आप तो बिजनैस ऐडवाइज़री कमेटी के भी मैंबर हैं, आपको तो पता है।

चौधरी ि ाव राम वर्मा: अभी खत्म करने जा रहा हूं। अम्बाला में एक अखकार ' ाोला' के एडीटर थे श्री तारा चन्द वर्मा, उनका मरडर 20—12—1974 को किया गया। इनका अभी तक कोई कलू नहीं निकला कि किसने मरडर किया है। इसका कारण एक ही समझा जाता है। वह यह कि लोगों के मन में भाक है कि वह चूंकि सरकार के खिलाफ और लोकल पुलिस के खिलाफ अपने अखबार में लिखता था, इस लिए भाायद उसकी मृत्यु हुई है। इसकी जांच होनी चाहिए। यदि जांच होगी तो ही सारी बातें सही निकलेंगी।

अध्यक्ष महोदय, एक और बात इस अभिभाशण के अन्दर आई है कि इन्होंने स्मगलरौं, जमाखोरों और दूसरे सारे के सारे समाज विरोधी कार्य करने वाले लोगों को पकड़ा है, लेकिन हमारे इसी सदन के उस माननीय सदस्य के बारे में जिसकी कई फर्में हैं, जिसके बारे में अखबारों में भी आया कि बहुत सा सामान, पता नहीं 25 लाख का या कितने का पकड़ा गया, हमें कुछ पता नहीं लगा –– (विघ्न) ––

Mr. Speaker: Order please. No. aspersions on any member of this House.

चौधरी ि ाव राम वर्मा: मैं नाम किसी का नहीं ले रहा हूं। मैं तो यह कह रहा हूं कि उसके बारे में भी हमें पता लगना चाहिए कि उसका क्या हुआ ?

Mr. Speaker: Please resume your seat. You are not winding up.

चौधरी ि ाव राम वर्मा: मैं अब समाप्त ही कर रहा हूं।

Mr. Speaker: Please resume your seat. You have taken all the time.

चौधरी ि ाव राम वर्मा: बस जनाब दो मिनट और लूंगा। तो मै। कहने जा रहा था कि पुलिस तो बढ़ाई जा रही है, लेकिन अमनो–इन्तज़ाम ठीक ढंग से नहीं चल रहा। इसके अन्दर काफी सुधार की आव यकता है। तो अध्यक्ष महोदय, आपके द्वारा

मैं यह कहना चाहता हूं कि इस अभिभाशण के अन्दर अगर यह भी जोड़ दिया जाए कि––

"आव यक तथा जीवनोपयोगी वस्तुऔं का अभाव, महंगाई, चोर–बाजारी, भ्रश्टाचार तथा काले धन का प्रभाव रोकने में सरकार पूर्णता असमर्थ रही और बिजली, पानी का प्रबन्ध करने में भी वह पूरी तरह असमर्थ रही है जिसके कारण खेती और उद्योग को घाटा हो रहा है।"

तभी इस सरकार के पूरे काम सामने आएंगे। इन भाब्दों के साथ, अध्यक्ष महोदय, आपका धन्यवाद करते हुए मैं अपना स्थान लेता हूं।

चौधरी प्रताप सिंह दौलता (बेरी): स्पीकर साहब, मैं उस रैज़ोल्यू ान की, जो गुलाब सिंह जैन जी ने मूव किया और जो ी साहब ने जिसकी ताईद की है, ताईद करने के लिए खड़ा हुआ हूं। जो ी साहब की सारी दलीलों की भी मैं ताईद करता हूं लेकिन मूवर आफ दी रैज़ोल्यू ान की एक आध बात के बारे में, जो कि रैलेवैन्ट नहीं थी, जिनका इस रैज़ोल्यू ान से या इस ऐड्रेस से कोई ताल्लुक नहीं था। अगर टाईम मिला तो इस बारे में कुछ अर्ज़ करूंगा। स्पीकार साहब, यह जो गवर्नर ऐड्रस होता है यह वेरियस डिपार्टमैंट्स के बारे में एक पालिस ऐड्रेस होता है और किसी बर्निंग टौपिक़ के बारे में, जिसकी तरफ स्टेट की तवज्जुह गहरी तरह से लगी हो। इसके द्वारा गवर्नमैंट अपनी

पालिसी डिक्लेयर करती है। कुछ टौपिक्स के बारे में तो वह लिख कर करती है और कुछ के बारे में चुप रह कर करती है। मुझे खु ाी है कि एक बड़े अहम मसले पर यह सरकार चुप है। यह वह अहम मसला है, जो चण्डीगढ़ और अबोहर फाज़िल्का़ा के फ्यूचर से ताल्लुक रखता है। इसका गवर्नर साहब ने और गवर्नमैंट ने अपने ऐड्रैस में ज़िक्र नहीं किया। इसके लिए मैं गवर्नमैंट को तहदिल से मुबारिक़बाद देता हूं। Sometimes silence is more eloquent than speech. इस गवर्नमैंट की यह पालिसी यह जाहिर करती है कि हरियाणा का इंट्रैस्ट तो हमें प्यारा है ही, लेकिन हिन्दुस्तान का इंट्रैस्ट उससे भी ज्यादा प्यारा है। ऐसे वक्त में जब कि मुल्क बड़े नाजुक दौर से गुज़र रहा है, किसी कन्ट्रावि र्यल इ ू को छेड़ कर हम सैन्टर को एम्बैरैस नहीं करना चाहते और अपने पड़ौसियों से हम लड़ना नहीं चाहते। इस वास्ते हमारी गवर्नमैंट का यह वाईज़ स्टैप है कि न तो चण्डीगढ़ के बारे में कुछ बोला जाए और न ही अबोहर फाज़िल्का के बारे में बोला जाए। स्पीकर साहब, मैं अलबत्ता यह अर्ज़ किया चाहता हूं कि चण्डीगढ़ अब न पंजाब का, न हरियाणा का, न हिमाचल का प्रदे ा का जिनके रिसोर्सिज़ से यह बना और न ही यह दिल्ली का जिनके रिसोर्सिज से यह डिवैल्प हो रहा है, मसला है। चण्डीगढ़ अब सारी दुनियां का मसला है। ताजमहल यू0पी0 में जरूर है, भुवने वर में टैम्पल्ज़ जरूर है, लेकिन वे उस सूबे की जायदाद नहीं हैं। चण्डीगढ़ का एक बहुत बड़े आदमी, नेहरू ने स्वप्न लिया, एक बहुत बड़े टेलन्टिड आदमी कारबुज़े ने बेहतरनी

इंजीनियरों के साथ मिलकर उस स्वप्न की तामीर की और स्पीकर साहब यह खूबसूरत भाहर बीसवों सदी के फर्स्ट हाफ में भाुरू होकर इस सदी के आखिर तक एक ऐसी चीज़ बन जाएगी, जो दुनियां में अपनी किस्म की एक युनिक चीज़ होगी। जब पंजाब के मेरे भाई यह कहते हैं कि चण्डीगढ़ हमें दे दो, तो यह बात मेरी समझ में नहीं आती कि उनका क्या एटीच्यूड है। यह तो हरियाणा को मिलना था, लेकिन सैन्ट्रल गवर्नमैंट ने इसे ठीक ही हरियाणा को नहीं दिया। हरियाणा इसकी वह सही मैंटीनैंस नहीं कर सकता जिसका स्वप्न नेहरू ने लिया था, जिसके लिए टेलैन्ट कारबुज़े की थी, पीलू मोदी और दस दूसरे आर्किटैक्ट्स की थी। इसको तो सैन्ट्रल गवर्नमैंट ही अपने पैसे से मेनटेन कर सकती है। अगर पंजाब के जत्थेदारों को इसके दे दिया तो भी वह खूबसूरती, जो दुनियां में पदैा हुई थी, टवन्टियथ सैन्चरी में हिन्दुस्तान की सरेज़मीन पर वह खत्म हो जाएगी। इसकी बड़ी बड़ी लेंज़, यह लैण्ड स्केप, नेहरू का वह स्वप्न, आर्किटैक्ट्स को तमाम आर्ट, इन सबके साथ वही हेागा, जो एक खूबसूरत तस्वीर के साथ, जिसे किसी नादान बच्चे को दे दिया जाए और वह उस पर स्याही फैंक दे होता है। स्पीकर साहब, दुनियां की हिस्टरी में जब आर्ट की हिस्टरी लिखी जाएगी तो उसमें चण्डीगढ़ टाइन का एक युनिक स्थान होगा। तो चण्डीगढ़ का टाउन, जो एक स्पै ाल टाउन है, जो एक पीस आफ आर्ट है, जत्थेदारों के हवाले नहीं किया जा सकता। मैं चण्डीगढ़ के बारे में, स्पीकर साहब, यह कहना चाहता हूं। मैं अबोहर फाज़िल्का पंजाब में रहे तो हिन्दुस्तान में है,

हरियाणा में रहे तो हिन्दुस्तान में है। लेकिन हरियाणा का एटीच्यूड सैंट्रल गवर्नमैंट के लिए बड़ा कन्स्ट्रक्टिव है। बिल्कुल सीधी बात है। –– (विघ्न) –– दोनों तहसीलें हरियाणा को मिली थीं। मैं तो पे ा होता रहा भााह कमी ान के सामने। खरड़ तहसील भी हरियाणा की थी, क्योंकि वह हिन्दी स्पीकिंग है और फाज़िल्का भी हरियाणा की थी, क्योंकि वह भी हिन्दी स्पीकिंग डिक्लेयर हुई थी। लेकिन एक औड टर्म आफ रैफ्रैन्स से कि कन्टिग्विटी नहीं है, तीन गांव, हरियाणा के एक स्टेटसमैन ने प्रताप सिंह कैरों के वक्त में, हरियाणा से निकाल कर अपनी कलम से पंजाब में दे दिए। उन स्टेंटसमैन को आने वाली नसलें क्या याद करेंगीं, यह तो समय ही बातएगा लेकिन वह तीनों गांव की कंटिग्विटी जो टूटी उसकी वजह से अबोहर फाज़िल्का पंजाब में रह गया। अबोहर–फाज़िल्का के पंजाब में रहने की और कोई बात नहीं थी। इन हालात में हरियाणा की बड़ी कंस्ट्रक्टिव एप्रोच है। हम नहीं बीमारी छेड़ते, पंजाब वाले छेड़ना चाहें तो छेड़ कर देख लें। उसमें वे घाटे में रहेंगे और मुल्क़ तो घाटे में रहेगा ही। इन अल्फाज़ के साथ मैं गवर्नमैंट का फिर भाुक्रिया अदा करता हूं कि उन्होंने चुप रहकर के, कुछ न कह करके, मुल्क की बड़ी भारी सेवा की है।

स्पीकर साहब, दूसरा प्वांयट जिसके बारे में मैं अर्ज़ करना चाहता हूं वह है डिवैल्पमैंट का। जींद के आनरेबल मैंबर ने हाउस में यह कहा था कि यह जो अभिभाशण है, पिछले साल भी

वही था, उससे पिछले साल भी वही था और उससे पिछले साल भी वही था। मुझे बड़े अफसोस सै कहना पड़ता है कि चौधरी दल सिंह जी की नुक्ताचीनी पिछले साल भी वही थी, उससे पिछले साल भी वहीं थी, उससे पिछले साल भी वही थी और ऐसा मालूम होता है कि पिछले साल उन्होंने जो नोट्स तैयार किए थे वे ही उन्होंने दोबारा यहां पढ़ दिए। कितने ट्यूबवैल्ज इधर गए, कितने उधर गए, कितने ट्यूबवैल्ज़ थे, कितने नहीं थी, यह सब पुरानी बातें हैं। स्पीकर साहब, यह ब्रौड फैक्ट है कि हरियाणा में डिवैल्पमैंट हुई है और इतनी मार्काखेज़ डिवैल्पमैंट हुई है कि इस हकीकत से जो इनकार करता है वह अपने आप को खुद फरेबी बनने में मुबतला करता है। डिवैल्पमैंट के बारे में कोई दो राय नहीं हैं। इसके लिए अगर क्रेडिट परमानैन्ट एग्ज़ैक्टिव लेना चाहती है, तो वह भी ले ले। भला वह क्यों न ले ? क्या वह हरियाणा के नहीं हैं ? क्या उनका पार्ट नहीं है उन प्लान्ज़ की ऐग्ज़ीक्यू ान में, जो तैयार की गई है ? अगर क्रेडिट गवर्नमैंट लेती है, तो वह लेने की हकदार है। लेकिन इस डिवैल्पमैंट में और फैक्टर्ज़ भी हैं। मैं सबसे बड़ा फैक्टर इस चीज़ को मानता हूं कि the very creation of Haryana is responsible for this progress. पहले यह पंजाब का हिस्सा था और इसके ही पैसे यहां खर्च नहीं होते थे, लेकिन अब हरियाणा का पैसा हरियाणा में खर्च होता है। इसका क्रेडिट वह आदमी तो जरूर लेगा, जिसने पार्लियामैंट में सबसे पहले कहा था कि हरियाणा बनना चाहिए और आखिर तक इस बात पर डटा रहा यानि प्रताप सिंह दौलता ही।

दूसरा प्वांयट डिवैल्पमैंट के बारे में क्रिए ान के अलावा जो है वह है ..... स्पीकर साहब, एक भी तो बी0एल0डी0 का मैंबर यहां नहीं है, मेरी बदकिस्मती तो यह है। यह कोई पार्लियामैंट्री डैमोक्रेसी है ?

—— (विघ्न) ——

कुछ आवाजें: हम बता देंगे।

चौधरी प्रताप सिंह दौलता: स्पीकर साहब, हरियाणा की जो डिवैल्पमैंट हुई है, वह डिवैल्पमैंट वही है, जिसे चौधरी चरणसिंह चाहते हैं और यह डिवैल्पमैंट हमारे हरियाणा में इतनी हो सकी है, कि अगर चौधरी चरण सिंह यू0पी0 में पावर में भी आ जाएं, तो भी नहीं कर सकेंगे। —— (विघ्न) —— स्पीकर साहब, आनैस्ट गांधीयन लाईक चौशरी चरणसिंह, लीडर आफ दी बी0एल0डी0 का इख्तलाफ कांग्रेस से यह है कि अब की कांग्रेस ने गांधीयन तरीका जो डिवैल्पमैंट का था, वह छोड़ दिया और रि ायन तरीका यानी सो ालिस्ट प्लांड इकोनोमी का वह अख्तियार कर लिया। स्पीकर साहब, मेरे विचारानुसार इस वक्त हिन्दुस्तानप में अपोज़ी ान के बड़े नेताओं के छोटे—मोटे लीडर तो और भी होंगे, दो ईमानदार आदमी हैं। एक तो हैं कांग्रेस (ओ0) के मोरार जी देसाई और दूसरे हैं चौधरी चरण सिंह जिनको सीरियसली लिया जाना चाहिए, जिनके हर लपज़ को हर जिम्मेवार गवर्नमैंट को ध्यान में सुनना चाहिए।

मुझे खु ाी है कि बहन इंदिरा जी जब रोहतक आई, तो वे चौधरी चरण सिंह की पोलिटिकल थ्योरी पर काफी देर तक बोलती रहीं। उनकी डिफ्रैंन्स यह है कि जो डिवैल्पमैंट हो रही है, वह गांधीयन वे पर नहीं हो रही है। गांधीयन–वे क्या है ?

Mr. Speaker: Please speak about Haryana.

Chaudhri Partap Singh Daulata: I am coming to Haryana.

गांधीयन–वे तो यह है कि डिवैल्पमैंट के सिलसिले में ऐग्रीकल्चर को फर्स्ट प्रायिरिटी और उद्याग को सैकेण्ड प्रायरिटी दी जाए। स्पीकर साहब, गवर्नर एड्रैस के लास्ट पेज़ पर लिखा हुआ है हि हरियाणा के बजट का 60 प्रति ात के ऊपर हिस्सा इरीगे ान और इलैक्ट्रिसिटी पर खर्च होता है। उद्योगा को सैकेण्ड प्रायरिटी है। उसी पर गवर्नर महोदय सैटिसफाई नहीं हुए। उन्होंने वन लाईन लास्ट पेज़ पर, एक इनसटान्स दिया है कि रबी की फसल बोने के वक्त क्राइसिज़ आए। उस टाईपर पर यह सवाल पैदा हुआ कि इंडस्ट्रीज़ को बिजली दी जाए या ऐग्रीकल्चरिस्टस को बिजली दी जाए। इंडस्ट्रीज को बिजली बन्द करके ऐग्रीकल्चर को बिजली दी गई। यह है गान्धीयन–वे कि एग्रीकल्चर को बिजली में प्रायरिटी दी, इंडस्ट्रीज़ को नहीं दी। तो बी0एल0डी0 की जो पालिसी है, उसको सिर्फ हरियाणा ही एग्ज़ीक्यूट कर रहा है। अगर दल के आदमी पढ़े–लिखे होने का दावा करते हैं, तो सबसे पहले उन्हें गवर्नर महोदय का भाुक्रिया

अदा करना चाहिए था। कोई इस दे ा में ऐसी जगह तो है, प्रान्त तो है जहां ओल्ड गांधीयन–वे अडोप्ट किया हुआ है, एग्ज़ीक्यूट हो रहा है। हरियाणा गवर्नमैंट की डिवल्पमैंट की पालिसी गांधीयन–वे की है। अब रही बात इस सारी डिवल्पमैंट का क्रेडिट लेने की, गवर्नर महोदय की पर्सनैलिटी भी जिम्मेवार है, सी0 एम0 भी जिम्मेवार है लेकिन एक बात बिल्कुल ही गलत है, जो बाबू गुलाब सिंह जी ने कही कि सी0एम0 साहब को जो दमे की बीमारी है, वह डिवैल्पमैंट की जिम्मेदार है। उन्होंने यहां हाउस में कहा कि उनका दमा है, वे रात को जाग उठते हैं और जब जाग उठते हैं, तो सोचते रहते हैं इसलिए हरियाणा की डिवैल्पमैंट हो गई। तो हमें दुआ करनी चाहिए कि उनको चार पांच बीमारी और लग जाएं तो उससे ऐसा होगा कि वे सो ही नहीं सकेंगे और हरियाणा की डिवल्पमैंट होती ही चली जाएगी। He is not so simple as that. The thing is that political structure of Haryana because of the sound wisdom of the Haryanavi voter is touched that a stable Government under a dynamic head, under congress policy, is being run with the help of those responsible persons who were not returned on congress ticket but are patriot enough to support constructive policy of the Government. कोई स्टेट ऐसी है जहां पर अपोज़ी ान के मैंमरों से पहले डिस्कस किया जाता हो। हमारे सी0एम0 साहब आकर उनसे बातचीत करते हैं। यह दूसरी बात है कि कभी चौधरी राम लाल जी या चौधरी दल सिंह जी से झड़प हो जाए। कया यह कोई अपोज़ी ान वाली बात है ? जब उनकी कोई और एक्सरसाइज न हुई हो तो तब वे

आया करते हैं, वरना हमारा तो पूरा को ऑप्रे ान है, चाहे वे हरिद्वारी लाल का ले लें, चाहे रिज़कराम का ले लें। और आजकल तो थोड़ा सा चौधरी दल सिंह का भी स्वभाव नर्म सा हो गया है। हम तो सार ही उनको वाहिद कोऑप्रे ान देते रहे हैं। इस स्टेबिलिटी में हमारा क्रेडिट पता नहीं श्री गुलाब सिंह जी को क्यों नज़र आता। वे तो गिनते ही नहीं। –– (विघ्न) ––

स्पीकर साहब, तीसरा प्वांयट सर्विसिज़ के बारे में है। गवर्नमैंट की पालिसी है in respect of service recruitment. What constitutes the bureaucracy ? उसमें काफी कमियां हैं, लेकिन मैंने कभी हिपोक्रेसी से काम नहीं लिया। स्पीकर साहब, मैं ईमानदार से कहता हूं। मुझे गवर्नर साहब के वे लफज़ याद हैं जब मैं मिनिस्टर था; उन्होंने कहा था– Haryana is the only State which is run by non-Haryanavi bureaucracy. सर्विसिज़ की कोई किताब उठा लें उसमें बड़ा गजट उठा लें, छोटा उठा लें। बाहर गांवों में जाओं तो आपको मिलेगा कि 'अरे तू कड़े जा सै'। ''किततै आया सै', 'के गयान से भाई' और उसी ब्लाक के दफ्तर में आपको मिलेा 'किथे गया सी, किवें आया सी, किथे जांदा प्या है।' तमाम ब्योराक्रेसी नीचे से ऊपर तक उन लोगों की है, जो इमो ानल हैं और जिसका हरियाणा से, कोई सरोकार नहीं। चौधरी राम लाल जी को यह बात बहुत पसन्द आएगी, लेकिन मैं अर्ज़ करूंगा कि हरियाणा के बनाने वाले हरियाणा के

लोग, जब हरियाणा बना, तो यह दावा करते थे कि जो परमानैंट हुकमरान हैं, सरकारी मुलाज़िम हैं इनमें हरियाणा के लोगों का हिस्सा होगा। अगर ये सब सारे के सारे पंजाबी स्पीकिंग जो कि हरियाणा की मुलाज़मत को डोमिनेट करते हैं, हरियाणा के हैं, मुझे कोई एतराज़ नहीं। हरियाणा में कोई भी पंजाबी नहीं बसता। हरियाणा में चाहे कोई खतरी है, चाहे अरोड़ा है, चाहे जाट है, चाहे सैनी है, चाहे ब्राह्मण है, वे सब हरियाणवी हैं, लेकिन जो आदमी हरियाणा में तीस वर्श बसने के बाद यह कहे "साडे पंजाबियों पर जुल्म होन्दा प्या है।" "सानूं कोई बरदा त नहीं करदा", अपनी सैप्रेट इन्टेटी करेंगे, वे मेरे भाई घाटे में रहेंगे। मै। उनसे अर्ज़ करूंगा कि वे अपने आपको हरियाणवी ही कहें। अगर यह तमाम सर्विसिज़ पंजाबी स्पीकिंग जो हरियाणा में हैं, हमारी अपनी सैटलर्ज़ हैं, अगर वे अपने आपको बाहर का कहते हैं, तो All the more undersirable. उनको आज आबादी से ज्यादा सर्विसिज़ मिली हुई हैं। वक्त आना चाहिए कि हरियाणा के लोगों को हरियाणा में सर्विस परमानैन्ट मिलनी चाहिए। गवर्नर साहब के एड्रेस में लिखा है कि हरिजनों को मिली। परमात्मा का भाुक्रिया कि हरिजनों की रिज़र्वे ान है। चार–पांच आई0ए0एस0 हैं। जब मैं इधर को मुंह करता हूं और जब आफिसर गैलरी में उनको देखता हूं, तो दौलत जैसे जजबाती आदमी का दिल राजी हो जाता है कि हरिजन तो हैं। अगर हरिजनों की रिज़र्वे ान न होती, तो वे बेचारे भी न होते, लेकिन इन हरिजनों के बाद बैकवर्ड और साठ प्रति ात अजगर हैं। I am not apologetic about

it. किसान का बेटा चाहे मिश्र में मरे, चाहे कहीं मरे, वह कहता है मुझे मेरे गांवों में फूंको, चाहे वह रेलवे स्टे ान पर ऐक्सीडैंट से मरता हो, वह कहेगा कि मुझे ले जाओ, बलवा बाजार में, वहां पर फूंको। जो पीजैन्ट प्रोपराइटरी के बच्चे हैं जिनकी तादाद 61 परसैन्ट है, उनको मुलाज़मत पिछले 25 साल से नहीं मिल रही है, और न ही उनके लिए रिज़र्वे ान है। वे धीरे–धीरे तमाम मुलाज़मत से चले जा रहे हैं। आज सर्विसिज़ तमाम की तमाम उनके हाथ से निकली जा रही हैं। गवर्नमैंट को यह सोचना पड़ेगा कि सन्ज़ आफ दी सायल, जो किसान पांच–छः एकड़ का मालिक है, चाहे वह गौड़ ब्राह्माण हो, चाहे अज़गर हो या सैनी हो, उनको मुलाज़मत में कैसे लाया जाए। यह गवर्नमैंट का हैड–एक है। गवर्नमैंट को सीरियसली सोचना चाहिए वरना वह सिचुए ान हिन्दुस्तान में क्रिएट होगी जो महाराश्ट्र में हुई थी, और यहां अभी नहीं, कभी कोई हरियाणवी सैना बनेगी, जो मुलाज़मत में अपना हिस्सा मांगेगी, सारे हमारे जैसे ठन्डे खून की जनरे ान नहीं होगी।

स्पीकार साहब, सर्विसिज़ के बाद मैं नैक्सट प्वांयट पर आता हूं। मेरा अगला प्वांयट गवर्नमैंट की लैण्ड री–क्यूजी ान की पालिसी के बारे में है। आप कोई भी गजट उठाइए। पहली चीज़ आपको मिलेगी यह कि डिवैल्पमैंट के लिए इतनी जमीन ले रहे हैं, रेल निकाल रहे हैं, इतनी ज़मीन नहर के लिए निकाल रहे हैं, इतनी फलां चीज़ के लिए चाहिए। अगर डिवल्पमैंट होगी, तो

आसमान से तो होनी नहीं, ज़मीन पर ही की जाएगी, लेकिन मैं गवर्नमैंट की तवज्जोह खास तौर से रेवैन्यु मिनिस्टर साहब की वे बहुत लरनड लाइयर हैं, मुल्ला की री–क्यूजी ान के बारे में इनक्वायरी थी, की तरफ दिलाना चाहता हूं कि उस रिपोर्ट को निकाल कर जो कि रौनक सिंह के मामले से सम्बन्धित है, गवर्नमैंट पढ़े। किसान की ज़मीन एक्वायर करके इंडस्ट्री वालों के लिए देने के माने क्या हैं ? किसान बेचारे को भाव नहीं लेने देते। उसे उसकी मर्ज़ी के भावन पर अनाज नहीं बेचने देते। इंडस्ट्री वाले आते हैं, और वह अपनी इंडस्ट्री एस्टेबलि ा करना चाहते हैं, तो उन्हें ज़मीदार को मुंह मांगे पैसे देने चाहिएं, जिन की ज़मीन में कारखाने लगे हैं, धुआं निकलता हुआ दिखाई दे रहा है। आज वहां मेरी मां, बहन, बेटियां लामनी नहीं कर सकती। क्या हक हक इंडस्ट्रीज के एिल गवर्नमैंट ज़मीन एक्वायर के बारे में मुल्ला ने जो लिख दिया उस रिपोर्ट को गवर्नमैंट को हबीब के तौर पर पढ़ना चाहिए। इसके अलावा मेरा सुझाव यह है कि किसान की ज़मीन एक्वायर की जाए लेकिन जहां एक एकड़ की जरूरत होती है तो पांच एकड़ एक्वायर करते हैं, परवाह नहीं करते। मैं जिम्मेदारी से कहता हूं कि एक्वायर करने वालों को गवर्नमैंट की इन्स्ट्रक ान्ज़ हैं कि तुम गवर्नमैंट के अफसर हो, do not act as judicial officer. Give the least compensation that you can give. मैं ज़िम्मेवारी से कहता हूं कि इंस्ट्रक ान्ज़ मौजूद हैं। इस किस्म की बात ज़मींदार के साथ होती है वह फिल्म मुझे रह–रह कर याद आती है जो रूस में फिलमाई गई, जो छः महीने तक चलती

रही, दो बीघे ज़मीन दो। एक बैग पकड़े हुए एक मारवाड़ी, बंगाल के खेतों में गया कि मैंने कारखाना लगाना है। उसने कहा कि मैं अपनी ज़मीन नहीं बेचूंगा। जाकर रक ाा चलाई, 15 साल के बाद जब वापिस आया तो पता चला कि तपेदिक में तेरी मां भी, बाप भी, सब मर चुके हैं और ज़मीन पर कारखाने का धुआं है। वह यह सुनकर वहीं गिर कर मर गया। आज ज़मीन एक्वायर करना एक मजाक बना रखा है। ज़मीन ओन करना एक जुर्म बन गया है, खासकर उन लोगों के लिए, जो चालीस साल पहले अनारकली और लाहौर के बाजारों में बाद ााह की तरह घूमते थे आज वह मुजरिम से बने फिरते हैं। कोई कहता है कि मुझे मकान की ज़मीन दो। अरे भाई मकान बनाने के लिए ज़मीन लो। कानून बना हुआ है कि पंचायत से एक पैसे गज के हिसाब से ज़मीन ले लो। Let Government know it that the land which vests in the Gram Panchayat does not belong to Haryana Government. It belongs to the proprietors of those villages. Supreme Court has given a clear ruling. It vests in them. The ownership still remains with the proprietors. It can be used for the well being of the entire community but not this 'kharayat'. चौधरी चांद राम जी को राजी करने के लिए हरिजनों को प्लाट दे दिए। भाई, जिसके पास ज़मीन नहीं वह भी इतना ही दुःखी है जितना हरिजन है। ग्राम पंचायत के कामन लैण्ड एक्ट में प्रोविजन है कि वे मोल ले लें, वे अपना मकान बना लें। वैसे तो मेरी इक्वीज़ि ान और री–ऐक्वीज़ि ान के बारे निवेदन है कि वे यह न भूलें जिनकी ज़मीन है, वे आज इस वक्त घबराए हुए हैं। पोलिटिकल तौर पर

कन्फयूज़ड हैं। वे पहली जनरे ान को भूल चुके हैं कि जब वह हुकमरान की तरह से चलता था। लोगों को यह बुरा महसूस हुआ है कि कौड़ियों के भाव उनकी ज़मीन एक्वायर करके इस बेदर्दी के साथ दी जा रही है। फालतू ज़मीन लेकर कभी कारखाने के नाम पर, कभी दूसरे के नाम पर बरबाद की जा रही है और पार्टिकुलर्ली सैनी बिरादरी की ज़मीन जो हमारे ज़मीदारों की सबसे गरीब ज़मीदारों की बिरादरी थी, जो भाहर में रहते थे उन सब की ज़मीन एक बहाने या दूसरे बहाने ले ली गई है। यह सैनी बिरादरी भाहर का सबसे गरीब तबका था, वे सब बे–ज़मीन हो चुके हैं। गवर्नमैंट की एक्वीज़ी ान की पालिसी निहायत बे–रहमाना पालिसी है, ऐंटी पीजेन्ट पालिसी है। मैं इसके बारे कोई जज़बात को उभारना नहीं चाहता।

अगला प्वांयट जिस पर मैं आपसे अर्ज़ करना चाहता हूं वह है प्राइस आफ ऐग्रीकल्चरल प्रोड्यूस। मेरी समझ में नहीं आता कि प्रोडयूसर को पूरी कीमत क्यों ने मिले। स्पीकर साहब, मैं ज्ञानी जैल सिंह का, विनायक का और चौधरी बंसी लाल जी का म ाकूर हूं। इन्होंने बेचारौं ने पूरी कोि ा ा की कि प्रोडयूसर के लिए कन्ज़यूमर के मुकाबले में कुछ प्वांयट रेज़ करें। मुि कल यह है कि कुछ लोग तो पैदा करने वाले हैं और सारा हिन्दुस्तान कन्ज़यूमर है। उनके सी0एम0 आते हैं। वे ऐसी बढ़िया अंग्रेजी–वंग्रेजी बोलते हैं कि अपनी बात इम्प्रस कर लेते हैं।

लेकिन यह हमारी खु ाकिस्मती है कि चौधरी बंसी लाल ने अपना वहां स्कोप बना लिया है।

डिवैल्पमैंट के क्रैडिट के बारे में ज्यादा कुछ कहूं तो वह खु ाामद सा मालूम होगा। मैं प्राईस आफ एग्रीकल्चर के बारे में यह कहना चाहता हूं कि ज़मींदार के साथ इन्साफ नहीं होता। जो पैंसिल मेरे पास है, मुझे हक है कि जब कोई पूछ तो मैं यह बताऊं कि मैं इसे किस भाव पर बेचूंगा। चमार जूती बनाकर लटकाता है। जब चौधरी मेले में आएं, और पूछे तो उसको यह कह है कि वह कहे कि मै। 12 लूंगा या 14 लूंगा। सारी दुनियां को अपनी प्राडयूस की पूरी कीमत लेने का पूरा हक है। लेकिन इस ज़मीदार को जिसकी बूढ़ी औरत ने, जिसकी फूल सी बच्ची ने स्कूल जाने की बजाए खेत में काम किया, जो कभी ओले से डरती थी, कभी धूप से डरती थी, कभी सर्दी मरती थी, उसने, जिसने यह गेहूं का दाना पैदा किया, क्या वह मार्कीट में ले जाकर यह नहीं कह सकता कि यह दाना मेरे खून से पैदा हुआ है। बहक्कान वह अपने खून की पूरी कीमत लेगा। क्या गुनाह है, अगर वह अपनी प्रोडयूस की पूरी मार्किट वैल्यू मांगता है। स्पीकर साहब, सिवीलाइजे ान के नाम से तहज़ीब के नाम से, प्लानिंग के नाम से संसार में बहुत जुल्म होते हैं। लेकिन जो जुल्म इस प्रोडयूसर के साथ, इस दाना पैदा करने वाले के साथ होता है, वह बहुत ज्यादा है। आज हरिजन बड़े घमण्ड से कहता है कि मुझे अनाज सस्ता दो। जब वह टीके लगाने वाले, उनकी नसबन्दी करने वाले

जाते हैं तो कहता है कि हमारी तो वोटें कम हो जाएंगी। हम अगले इलैक्शन में डौमीनेट नहीं कर सकेंगे, इसलिए नसबन्दी नहीं करेंगे। बच्चे दबा कर पैदा करता है और फिर ज़मींदार से कहता है कि हमको सस्ता अनाज खिलाना। यह ज़मीदार की जिम्मेदारी है, क्योंकि हमने परमिट कटवाकर बच्चे पैदा किए हैं। ज़मींदार के साथ यह एक मज़ाक बना हुआ है। मैं मानता हूं कि हरिजनों का भला किया जाना चाहिए। अछूतोद्धार किया जाना चाहिए। इसके लिए एक महकमा है। बड़ा जरूरी महकमा है।

चौधरी पीर चन्दः आन ए प्वांयट आफ आर्डर। मैं यह कहना चाहता हूं कि दौलता साहब चमारों या हरिजनों पर ही बोल रहे हैं या इस गवर्नर एड्रैस पर बोल रहे हैं। इन्होंने तो अपनी स्पीच में हरिजनों को ही नि ाना बना रखा है।

चौधरी प्रताप सिंह दौलताः स्पीकर साहब, हरिजनों का हिमायती मुझसे ज्यादा कोई नहीं है। मैं उनकी मुलाज़मत के लिए यहां तक कहता हूं कि हमारे वाली नौकरियां भी उन्हीं को दे दो। उनकी रिज़र्वे ान उनको ही रहे। लेकिन भई हरिजनों, इस बात को भूल जाओ, कि यह जमींदार तुम्हारे लिए अनाज पैदा करता है, वह अपने बच्चों के लिए अनाज पैदा करता है। वह तो महंगी ज़रूर बेचेगा। जो उनका नुमायन्दा उनसे वोटें लेकर आएगा, वह तो उनके अिलए पूरे दाम मांगेगा, चाहे छूट है चाहे न छूट है।

चौधरी पीर चन्दः दौलता साहब, आप तो पर्ची मांग कर आते हैं फिर ऐसी बातें करते हो।

चौधरी प्रताप सिंह दौलताः पर्ची मैंने कभी गिड़गिड़ाकर नहीं मांगी। पर्ची डंके की चोट पर अपनी पालिसी बताकर मांगी है। हर आदमी जानता है कि दौलता छोटू राम के बाद पक्का जमींदार है, जो अभी जिन्दा है। मैंने कभी गिड़गिड़ाकर वोट नहीं मांगे। ये रिवाड़ी वाले बैठे हैं, इनसे पूछ लो। डंके की चोट पर अपनी पालिसी बताई है कि मेरी यह पालिसी होगी। नम्बर वन ज़मीदार। ज़मीदार से कुछ बच गया तो हरिजन और भाहरी। –– (व्यवधान) –– मैंने कभी नहीं छुपाया। मैंने अपने ख्यालात को नहीं छुपाया। मैंने कभी हिप्पोक्रेसी नहीं की, अपनी जिन्दगी में भी कभी नहीं की। –– (व्यवधान) –– लाइन से तो मैं उतरा ही नहीं, कोई चढ़ने ही नहीं देता। जिनकी मैं नुमांयदगी करता हूं, चौधरी राम लाल जी, अगर वे मुझे समझ सकते या चौधरी छोटू राम को समझ सकते तो आज न पंजाब के टुकड़े होत, न इस हरियाणा पंजाब की मिट्टी खराब होती। हम कहीं के कहीं होते। –– (व्यवधान) ––

मेरा अगला प्वांयट है रूरल डैट। चौधरी दल सिंह जी यहां नहीं हैं, वे कहते थे कि हरियाणा पर 300 करोड़ का डैट चढ़ गया। मैं कहता हूं कि जिन्दाबाद बंसीलाल, तूने हरियाणा पर 300 करोड़ डैट चढ़ा दिया। उस डैट का क्या किया ? सड़कें

बिछा दीं। क्या कल कोई डिग्री लावेगा और हमारे सड़कें कुर्क करवाएगा ? उस डैट से क्या किया है ? बिजली के खम्भे गाड़ दिए। कल को कौन सा कोर्ट डिग्री देगा कि गांवों में से खम्भे उठा लाओ। जितना पैसा बंसी लाल जी ने हरियाणा के अन्दर बहाया है उतना कोई भी नहीं बहा सकता। अरे, सर्वोदय लीडरो, चरण सिंह और चरण सिंह के चार नादान साथियों, हिन्दुस्तान की ज़मीन पर इस रूरल इंडिया के लिए जितना पैसा बंसी लाल जी ने बहाया है उतना पैसा कोई नहीं बहा सकता। कर्ज़ा लाए हैं और मांग कर लाए हैं। चोरी से नहीं लिया है। हरियाणा की डिवैल्पमैंट के बारे में लोग बहुत कुछ कहते हैं। हरियाणा की डिवैल्पमैंट यूं हुई है। इस किसान के बेटे को किसी ने गिफ्ट नहीं दिया, प्लेट पर नहीं रखा, किसानों ने भी उसकी टांग खेंचने की कोि ा ा की। दूसरों ने भी कोि ा ा की। उसने पहले अपने आपको ऐस्टेबलिश किया। फिर सैन्टर में अपने आपको ऐस्टेबलि ा किया। अगर आज चार पैस जैल सिंह को मिलेंगे तो पट्ठा हमारे लिए 12 पैसे लाएगा। अगर नायक 16 रुपए लेगा, तो हमारे लिए 36 रुपए मिलेंगे। लोन भी मिलेगा, ग्रांट भी मिलेगी। लोन से क्यों घबराते हो ? मैं चौधरी बंसी लाल जी से और पंडित चिरंजी लाल जी की सेवा में अर्ज़ करना चाहता हूं कि एक और डैट है जो हरियाणा को खा लेगा, और वह है रूरल डैट जो पीजेंट पर है। मेरे भाई हरिजनों ने भी बैंकों से कर्ज़ा लिया है, गवर्नमैंट ने बहुत पब्लिसिटी दी है कि कर्ज़ा लो, कर्ज़ा लो, लेकिन मुझे खु ाी है कि मेरे हरिजन भाइयों का ये क्या बिगाड़ लेंगे

क्योंकि उनके पास गरीबी के सिवाय कुर्क करने के लिए कुछ भी नहीं है। वह खा पीकर यूं हाथ फेर कर चल देता है और उगराही करने वाले चक्कर काटते रहेंगे। लेकिन ज़मींदार के पास जिसके पास 5 एकड़ ज़मीन है दो एकड़ ज़मीन है, तीन एकड़ ज़मीन है, उनकी ज़मीन तो कर्ज़े के नीचे दबी पड़ी है। गवर्नमैंट इस बारे में सोचे कि यह कर्जे राईट आफ करने हैं या इनका क्या करना है। ज़मींदार को तो यह रूरल डैट दबा लेगा। यह तीन सौ करोड़ का कर्जा जिस पर चौधरी दल सिंह को दुःख आता है, वह तो हमारा अपना राईट है। खा पीकर बैठे रहो। किसने किसको देना है ? यह तो रूरल डैट की बात है।

इसके अलावा एक बात और मैं अर्ज़ किए देता हूं फिर मैं बैठ जाऊंगा, मैं ज्यादा टाईम नहीं लेना चाहता क्योंकि मेरा साथी गुलाटी साहब, बोलने के लिए बहुत उतावला है। गुलाब सिंह जी कई बार हमको गवर्नर एड्रैस की डिस्क ान पर याद कर लेते हैं, हालांकि हमारा उसके साथ कोई ताल्लुम नहीं क्योंकि हमारी भी एक गवर्नमैंट बनी थी। वह आठ महीने की थी। बालक को भी पूरे 9 महीने पेट में रहने देते हैं लेकिन हमको तो 8 महीने में ही निकाल दिया था। वे यह कहते हैं कि डारकैस्ट पीरियड था। उससे पहले भगवत दयाल की गवर्नमैंट थी। वह तो बिल्कुल ही मौज़ की गवर्नमैंट थी। उसमें तो कोई डारकैस्ट का सवाल ही नहीं सोचते ? मैंबरों को उन दिनों में होस्टलों में ले जाना, दाएं, बाएं घुमाना, इतना रंगीन पीरियड हिस्टरी में आना

भाायद मुि कल है। वह बहुत चमकदार पीरियड था। यह ठीक है कि वे पोलिटीकली जो कुछ भी कहें, लेकिन जो हमारे वाला पीरियड था, उसके बारे में कभी अपोलोजटिक न हुआ हूं, न दिल्ली जाकर किसी लीडर के सामने अपोलोजैटिक बना हूं न ही आज हूं। उन पीरियड में हमने अपने लीडर को जिसको हम समझते थे कि यह आदमी कास्टीइज़्म का जहर फैलाता है, जिसने का ी तक के अंगोछे इकट्ठे कर दिए थे और जो इस तरीके से बोलता था और जो नान–कांग्रेस पालिसी पर अमल करता था, कांग्रेस पालिसी पर अमल नहीं करता था, उसके खिलाफ हमने रिवोल्ट करके, अपने कैरियर को आज़ादी ली। हालांकि हम कहते थे कि हमें पार्टी में बिठा लो, बिठा लो, – लेकिन वे नहीं माने। हमने रिवोल्ट किया और एक अन–डिज़ायरेबल आदमी को यहां से निकाल दिया जिसने एम0एल0एज़0 को होटलों में ले जाकार बदचलनी वगैरा की वजह से हरियाणा की सियासत में गन्द मचा दिया था। हमने अपनी गवर्नमैंट बनाकर उस चेयर के भाग्य से यह डिक्लेयर किया कि हमारी गवर्नमैंट बागी कांग्रेसियों की गवर्नमैंट है। एक बार जब पार्टी बनी तो उन्होंने जब मुझे यह कहा कि इस पर दस्तखत करो, तो मैंने कहा कि मैं तो कांग्रेसी हूं। भगवत दयाल को निकालने के लिए था जो कुछ भी था। मैंने कोई गलत बात नहीं की। गुलाब सिंह जी, अगर मेरे हलके बेरी में जाकर आप पूछें, तो पता लगेगा कि मैंने कहा था कि कोई मुझे वोट दे या न दे, मैंने मुनतखिब होते ही कहा था कि भगवत दयाल की चोटी में कील गाड़ दूंगा। हमने वोट ही इस काम के लिए ली

थी। जो हम कह कर आए थे, वह आकर पूरा किया। आकर कील गाड़ा। जो कहकर आए थे, वह पूरा किया। इस दफा यह कह कर आया था कि भई, कोई वोट दे या न दे, मैं तो इंदिरा बहन का नौकर हूं। मैं इस बात पर बड़ा फर्क समझता हूं और मुझे इसमें कोई भार्मिन्दगी नहीं है। कांग्रेस गवर्नमैंट का साथ दूंगा। किसी ने वोट देनी हो तो दे, न देनी हो, तो न दे।

श्री गणपत रायः स्पीकर साहब, जो व्यक्ति इस हाउस में मौजूद न हो और उसके बारे में इस प्रकार की भाशा बोली जाए, क्या यह उचित है ? अगर उचित नहीं है तो क्यों ने उसको सदन की कार्यवाही से निकाल दिया जाए ?

श्री अध्यक्षः वह लफ्ज़ क्या है जिस पर आपको एतराज़ है ?

श्री गणपत रायः पण्डित भगवत दयाल की चोटी में कील गाड़ दूंगा। वह ऐसा था वह वैसा था।

श्री अध्यक्षः आर्डर प्लीज़।

चौधरी प्रताप सिंह दौलताः जहां तक चोटी में कील गाड़ने का ताल्लुक है, यह बिल्कुल पार्लियामैंटेरियन लफ्ज़ है और यह पालिटीकल वर्ड है और मैं इस बात को फिनि ा कर चुका हूं। जहां तक होटलों में ले जाने का ताल्लुक है, वे एम0एल0ए0 बेचारे कल भी यहां गैलरी में बैठै थे ..... (व्यवधान) .....

सच्ची है या झूठी है, इससे मुझे कोई सरोकार नहीं है। अनपार्लियामैंट्री नहीं है। यह तो क्रिटीसिज़म है, चाहे सख्त हो या हार ा हो, लेकिन गुलाब सिंह जी, हमने तो वह काम किया था कि अगर कोई कद्र दान होता तो हमें पूजता। असली कांग्रेसी तो हम हैं, जो तुमको इस पोज़ी ान में ले आए और चौधरी बंसी लाल जैसा डायनेमिक लीडर नसीब नहीं हो सकता था। मैं आपको बताऊं कि अभी लोगों के मन में सारे आदमियों के मन में यह जंचा नहीं है, क्योंकि वह बहुत बढ़िया अंग्रेजी नहीं बोलता। उसकी पर्सनैलिटी को सारे लोग जान नहीं पाए जो समझदार आदमी जान पाए हैं और जब हरियाणा की हिस्टरी लिखी जाएगी, तो लोगौं को पता लगेगा कि अगर भगवत दयाल की मिनिस्टरी न जाती तो हरियाणा ऐसे आदमी से महरूम रह जाता। अगर हम भगवत दयाल को नहीं निकालते तो हरियाणा को बंसी लाल नसीब नहीं होता। आज कहा जाता है कि हमारी सरकार जब बनी तो उसने कोई काम नहीं किया मैं कहता हूं जिस वक्त हमारी गवर्नमैं अ बनी अगर यह अपोज़ी ान वाले देवी लाल जैसे आदमी गवर्नमैंट की लैग पुलिंग न करते और हमारी गवर्नमैंट तीन–चार साल चलने देते, तो हम बताते कि हमने हरियाणा में कितना काम किया है। आज जो लोख चीखते हैं कि दौलता कहीं कांग्रेस में न आ जाए उनको पंजाबी ब्यूरोक्रेसी ने दबा रखा है। मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि हरियाणा की डिवैल्पमैंट में हम लोगों का जो कंट्रीब्यू ान रहा है, वह किसी से छिपा नहीं है, हमने हमे ाा फुल को–ऑप्रे ान दिया है। दौलता ने भगवत दयाल को निकाला और

बंसी लाल के लिए रास्ता साफ किया। स्पीकर साहब इन लफ्ज़ों के साथ मैं वांईड–अप करता हूं।

श्री के0 एन0 गुलाटी (फरीदाबाद): माननीय स्पीकर साहब, आज माननीय राज्यपाल महोदय के अभिभाशण पर जो धन्यवाद का प्रस्ताव हमारे सामने है उस सिलसिले में मैं आपकी मारफत कुछ सुझाव देना चाहता हूं। मैं महसूस करता हूं कि पिछले छह साल से हरियाणा के अन्दर चौधरी बंसी लाल की चीफ मिनिस्टरि ाप में जो स्टेबल गवर्नमैंट आई है उसने हद से ज्यादा काम किया है। हर सैक्टर में चाहे वह रोहतक का मैडीकल कालेज हो, अस्पताल हो, हिसार की ऐग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी हो, चाहे कुरुक्षेत्र की एजुके ान यूनिवर्सिटी हो और चाहे बड़ी–बड़ी नहरे हों, यह हरियाणा की मुंह बोलती तस्वीर है। हम तो इस गवर्नमैंट के बहुत म कूर हैं और दिल से यह महसूस करते हैं कि इस सरकार ने हरियाणा की तरक्की के लिए बहुत काम किए हैं और भविश्य में भी इस तरह से और तरक्की के काम होंगे। स्पीकर साहब, हर विधायक का यह फर्ज़ होता है कि वह अपने इलाके की तरक्की के लिए कुछ सुझाव दे, अपने इलाके की बात कहे। हमको जनता ने इसीलिए चुनकर भेजा है कि उस इलाके की तकलीफों को यहां रखें। एक विधायक का यह काम नहीं है कि आपस में ऊंची नीची बात कहें, या गाली दें, या जातिवाद की बात लेकर आपस में कुछ कहें। एक विधायक का सिर्फ काम है कि अपने

इलाके की दु:ख और तकलीफों को हाउस के सामन रखे। स्पीकर साहब, मैं आपकी मारफत कुछ सुझाव जनरल और कुछ अपने हलके के बारे में रखूंगा। सबसे पहली बात जो मैं कहना चाहता हूं वह है कि फरीदाबाद में थर्मल प्लांट लगा है, मैं हरियाणा सरकार का बहुत ही म ाकूर हूं, लेकिन मैं सुझाव के रूप में इतना कहना चाहता हूं चूंकि वह थर्मल प्लांट फरीदाबाद में लगा है तो उसका ज्यादा फायदा फरीदाबाद के ज़मींदारों को दिन के टाईम में या रात के टाईम में दी जाए और फैक्ट्री के लिए भी ज्यादा बिजली दी जाए, ताकि आजकल जो वहां ले–आफ चल रहा है, वह दूर हो और मज़दूरौं को पूरे वेजिज मिल सकें। बिजली की कमी के कारण प्रोडक ान कम होती है और इस कारण से सरकार को टैक्सिज़ थोड़े मिलते हैं। इसलिए मेरी सरकार से प्रार्थना है कि इस थर्मल प्लांट की ज्यादा से ज्यादा बिजली फरीदाबाद को ही दी जाए। इस पावर को सैक्टर सात और बाईस की स्ट्रीट लाइट के लिए भी इस्तेमाल किया जाए। मैं महसूस करता हूं कि एक ही सैक्टर में कुछ बिल्डिंगज़ को बिजली मिल जाती और कुछ को नहीं मिलती है। इसके पीछे असलियत यह है कि वहां से ट्यूबवैल्ज़ और अस्पतालों की लाईनें जाती हैं जिनको बिजली ज़रूर देनी पड़ती है। इस सम्बन्ध में मेरा सुझाव है कि वहां पर अस्पतालों और टयूबवैल्ज की जो लाईनें हैं, उनको बिल्कुल अलग कर दें। जैसा कि मैंने भाुरू में कहा कि थोड़े से इलाके में बिजली चल रही होती है और दूसरे में बन्द होती है। जब हम बिजली बोर्ड से इस बारे में बात करते हैं, तो कहा जाता

है कि तार नहीं मिलते। मैं सुझाव देना चाहता हूं कि हरियाणा का बिजली बोर्ड जल्दी से जल्दी तारों का बन्दोबस्त करे और जिन लोगों के कनैक ानर पैंडिंग पड़ें हैं, उनको भीघ्र ही कनैक ान दिए जाएं। चाहे वे रेज़िडैंि ायल हों, चाहे कमि ायल हों। स्पीकर साहब, मैं एक जनरल बात आपकी मारफत सरकार से और कहना चाहता हूं कि आफिसिज़ में चाहे वह हरियाणा स्टेट के हैं, म्यूनिसिपल्टी के हैं, काम्पलैक्स के हैं और चाहे डिस्ट्रिक्ट लेवल के हैं, सरकार को यह इंस्ट्रक ान्ज़ इ ू करनी चाहिए कि कोई भी एम्प्लाई दफ्तर के आईम में चाय नहीं पीएगा। आज चारों तरफ दफ्तरों में करप ान की बात की जाती है। मैं कहता हूं कि खाली कहने से करप ान खत्म नहीं होगा। इसके लिए कुछ करना होगा। यह कोई हंसी की बात नहीं है। पहली बात तो मैंने यह कही कि चाय पीने की मनाही कर देनी चाहिए कि कोई भी बहन दफ्तर के टाईम में स्वाटर नहीं बुनेगी। दफ्तरों में पूरी तरह से साइलेंस आब्जर्ब होगा। हर आदमी अपने काम से काम रखेगा। जो एप्लीके ान दफ्तर में आए, उसको डिस्पोज आफ करने का टाईम मुकरर्र होना चाहिए कि इतने टाईम के अन्दर उसका जवाब देना है, हां में या ना में। मुझे उम्मीद है कि करप ान का नामो–नि ाान नहीं रहेगा और आफिसिज़ में तेजी से काम चलेगा और इसके साथ–साथ मैं यह कहना चाहता हूं कि समय–समय पर आनरेबल मिनिस्टर साहिबान या हैड–आफ–दि डिपार्टमैंट बिना इत्तलाह दिए विज़िट करें सरपराइज़ चैक करें, कि कौन एम्पलाई अपनी सीट पर नहीं है, कैसा काम हो रहा है। स्पीकर साहब,

आपको जानकर खु ाी होगी कि फरीदाबाद में जो सैन्ट्रल गवर्नमैंट के ऐम्पलाईज़ हैं, मुझे अपनी बात तो नहीं कहनी चाहिए, लेकिन मैं उन ऐम्पलाईज़ के सी0सी0ए0 के सिलसिले में सैन्ट्रल मिनिस्टर से मिला और अब उनको सी0सी0ए0 सैंक ान हो गया है। मैं आपकी मारफत अपनी सरकार से भी अर्ज़ करूंगा कि जो स्टेट ऐम्प्लाईज़ हैं, उनको भी सी0सी0ए0 सैंक ान किया जाए। अगर हमारी सरकार इस काम में भी पहल करे तो बहुत अच्छी बात होगी। आज सो ालिज़म की बात बड़े जोरों से की जाती है। मैं हरियाणा सरकार से कहना चाहता हूं कि वह एक अच्छा काम यह करे कि कम से कम दो सौ रुपया तनखाह कर दे और अधिक से अधिक दो हजार रुपया तनखाह कर दे। जिसको दो हजार से ज्यादा तनखाह मिलती है उसको वह खजाने में दाखिल कर ले और सिर्फ एम्पलाई को दो हजार दे और जिस को दो सौ रुपए से कम मिलता है, उसको अपने खजाने से और दे।

स्पीकर साहब, मैं एक प्वांयट और कहना चाहता हूं कि पहले फरीदाबाद में एक नेहरू कालेज था जो अब बन्द हो गया है, उसका केस कोर्ट में चल रहा है लेकिन जो कालेज का फर्नीचर है, लाइब्रेरी है, कैमिकल्ज़ है उनको ताला लगा हुआ है और गुड्ज वहां सड़ रही हैं। मैं सरकार से प्रार्थना करता हूं कि सरकार कोि ा ा करके उन गुड्ज को निकाल कर दूसरे कालेजों, स्कूलों को सप्लाई कर दे तो बड़ी अच्छी बात होगी।

15.00 बजे

भी कम लाइन लौसिज हों। आगे चलकर चौधरी दल सिंह जी ने यह भी कहा कि बिजली बोर्ड के ऊपर 200 करोड़ रुपये का कर्जा है, उस पर इतना ब्याज देते हैं, इतना वह देते हैं। तो मैं यह कहता हूं कि कर्जा अगर है तो कर्जा कोई पाकिस्तान से लिया नहीं गया, अमेरिका से नहीं लिया गया, भारत सरकार से लिया है, लोगों से लिया है, हरियाणा सरकार से लिया है, या किसी फाइनैंि ायल इन्स्टीच्यू ान्ज से लिया हैं आज कोई भी फर्म अथवा कोई उद्योग धन्धे अगर कर्जा लेकर सैंट–परसैंट रूरल इलैक्ट्रीफिके ान किया, इसके बावजूद भी ये लोग नुक्ताचीनी करते हैं। मैं बिलकुल साफ बात कहना चाहता हूं कि जिस वक्त हमने रूरल इलैक्ट्रीफिके ान किया, हमारा तकरीबन 45 करोड़ रुपया खर्च हुआ और आज अगर हम इस तरह से देहातों में बिजली पहुंचाने का काम करें तो कम से कम 80–90 करोड़ रुपया से कम नहीं लगेगा। आज कल के महंगाई के जमाने में ऐसा करके हमने 40–45 करोड़ रुपये की बचत की है।

चौधरी चांद रामः यह महंगाई किसने बढ़ाई है ?

श्री बनारसी दास गुप्तः यह महंगाई किसी ने नहीं बढ़ाई है, हरियाणा सरकार ने नहीं बढ़ाई है, भारत सरकार ने नहीं बढ़ाई है, सारी दुनियां के अंदर महंगाई है। जापान के अंदर, अमेरिका के अंदर, इंग्लैंड के अंदर सभी जगहों पर महंगाई है। इसकी जुम्मेवार न हरियाणा सरकार है, न भारत सरकार है।

तो उपाध्यक्ष महोदया, एक बात उन्होंने यह बतलाई कि हरियाणा बिजली बोर्ड का तो भट्ठा बैठ गया और यह घाटे के अन्दर जा रहा है और यह घाटा दिनों–दिन बढ़ता जा रहा है। दल सिंह जी, बिजली बोर्ड आपकी जींद की अनाज मंडी की आढ़त की दुकान तो है नहीं (हंसी) जो इसमें मुनाफे की ही बात सोची जाये और ज्यादा से ज्यादा मुनाफाखोरी का लक्ष्य निर्धारित किया जाये। ऐसी यह संस्था नहीं है। यह बोर्ड लोगों को सुविधा देने के लिये हैं। आज एग्रीकल्चर को बिजली देने में नुक्सान होता है, यह बात साफ है लेकिन फिर भी हम एग्रीकल्चर को बिजली देते हैं और न केवल देते ही हैं बल्कि देने में प्रायरिटी भी देते हैं और कई बार तो तमाम हरियाणा की इन्स्ट्रीज की बिजली बंद करके भी एग्रीकल्चर को बिजली देते हैं क्योंकि ऐसा किसान के हित में है, प्रदे ा के हित में है, और सारे दे ा के हित में है। इससे अनाज का उत्पादन बढ़ा है जो हमने दूसरे प्रदे ाों को जो भी कमी वाले हैं उनको दिया है और –– (विघ्न) –– जरा भाान्ति से सुन लो। आप केवल कहना ही जानते हैं या सुनना भी जानते हैं ? मैं फैक्ट्स की बात कह रहा हूं और फिगर्ज़ दे कर बात कह रहा हूं .....

चौधरी ि ाव राम वर्मा: यह ठीक है कि कारखानों की तो बिजली बंद हो गई लेकिन खेती को फिर भी नहीं मिली ..... (विघ्न) .....

श्री बनारसी दास गुप्तः आप सबर से सुनते जायें मैं सब बातें बताऊंगा। तो उपाध्यक्ष महोदया, मैं यह कह रहा था कि उन्होंने जो यह कहा कि बोर्ड घाटे में जा रहा है और रसातल में बैठ रहा है, यह बात बिल्कुल निराधार है, गलत है। वर्ल्ड बैंक का जो फारमूला है और सैंट्रल इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड एक्ट में जो फारमूला है उसके मुताबिक हमारे बिजली बोर्ड के खाता में 6.3 प्रति ात की रिटर्न है। यह रिपोर्ट वर्ल्ड बैंक के फारमूला के अनुसार है। इसके अलावा नफे और नुक्सान का ज्यादा अंदाजा भी नहीं लगाया जा सकता क्योंकि हमारा बोर्ड ऐसा नहीं है कि इसमें कोई इक्विटी भोयर हों और डिवीडैंड के तौर से जैसे ज्वायंट स्टाक कम्पनीज़ बैलेंस– ाीट्स निकालती हैं वैसे इसमें नहीं निकालते हैं। लेकिन यह बात मैं कह सकता हूं कि घाटे वाली बात जैसे उन्होंने कहा इसमें नही है और जो उन्होंने कहा वह निराधार बात है। इसके अलावा उपाध्यक्ष महोदया, मैं आपके सामने अर्ज़ कर रहा था कि आज से चार वर्श पूर्व जब सभी ग्रामों को बिजली पहुंचाई गई तब बोर्ड का केवल 40–45 करोड़ रुपये के लगभग खर्च हुआ था। आज अगर तमाम के तमाम देहात के अन्दर बिजली पहुंचाने की योजना बनाई जाये जो 80–90 करोड़ रुपये से भी काम नहीं चल सकता। यह तो रही रुपये की बात लेकिन इसके अलावा भी अगर आप देखें कि आज यह हालत है कि पैसे से भी चीज नहीं मिल पा रही है चीजों की इतनी भाार्टेज है। उस वक्त मारकिट में हरियाणा बिजली बोडै ही परचेजर था लेकिन अब सारे दे ा के बिजली बोर्ड मारकिट में आ गये हैं

जिस की वजह से जितनी डिमांड है, उतना मैटीरियल नहीं मिल पा रहा है। आज अगर हम चाहें तब भी 80–90 करोड़ रुपये खर्च करके भी सारे हरियाणा के देहात में बिजली नहीं दे सकते थे, क्योंकि सामान ही अवेलेबल नहीं है। अगर आज सौ ट्यूबैवल्ज़ को भी बिजली देनी होती तो कन्डक्टर्ज़ ही नहीं मिलते, आर्डर पैंडिंग पड़े हुए हैं, मैनुफैक्चरर्ज़ के पास सामान की इतनी कमी है कि वह मिलता नहीं है और हम ट्यूबवैल्ज को बिजली नहीं दे सकते। मैं आपको बताना चाहता हूं कि पिछले दिनों देहली में तमाम हिन्दुसतान के इरीग्रे ान एंड पावर मिनिस्टर्ज की कान्फ्रैंस हुई थी और उसमें मुझे तमाम प्रदे ाों के मन्त्रियों से मिलने का मौका मिला। उन सब ने मुझे बधाई दी और मुझ से कहा कि आपने भले वक्त में अपने प्रदे ा को इलैक्ट्रिफाई कर दिया, आज अगर ऐसा करना होता, तो उससे दुगुने रुपए खर्च करने के बाद भी नहीं कर सकते थे, क्योंकि जैसा कि मैंने पहले कहा मटीरियल ही मार्किट में नहीं मिलता, जितना चाहिए। तो आप देखें कितना हरियाणा सरकार ने और इस बिजली बोर्ड ने प्रदे ा का फायदा किया, लेकिन इसके बावजूद भी नुक्ताचीनी ये भाई करते हैं। न सिर्फ हम ने ऐसा करके 40/45 करोड रुपया बचा लिया, बल्कि तीन–चार साल पहले बिजली दे देने से ट्यूबवैल्ज चले, उद्योग धन्धे चले और उन में उत्पादन हुआ। उस उत्पादन से जो लाभ हुआ, वह इस 40/45 करोड रुपए के लाभ से अलग है। अगर ऐसा न करते, तो तीन चार साल तक इस लाभ के महरूम रहते और अब जो दिक्कत आती, ज्यादा पैसा खर्च होता और पैसा खर्च

करने के बावजूद भी पूरा काम न कर पाते, यह दूसरा नुक्सान होता। तो मैं समझ नहीं पाया कि किस तरह की गलत पिक्चर पेंट करके कल सदन के सामने पे ा की गई, जो निराधार है, बेबुनियाद है। इसके अलावा एक बात और हमारे इन चौधरी साहब ने कही कि इस्माइलाबाद गांव में लाइन की री–एलाइनमैंट करने के ऊपर 60 रुपया खर्च हुआ ––(विघ्न)––

चौधरी दल सिंहः मैंने यह कहा था कि ऐसा करने में आठ लाख का नुक्सान रहा

श्री बनारसी दास गुप्तः 8 लाख 70 हजार का प्रोजैक्ट एस्टीमेट पर खर्च हुआ है, यह बात तो ठीक है। परन्तु नुक्सान का तो प्र न ही उत्पन्न नहीं होता। एक बात इन्होंने यह कही और बड़े जोर भाोर से कही कि बिजली बोर्ड ने डिफैक्टिव ट्रासफार्मर्ज़ लगाए हुए हैं और उनकी रिपेयर्ज़ पर करोड़ों रुपए खर्च होते हैं। यह बात भी बिल्कुल गलत है। उपाध्यक्ष महोदया, 1974–75 में ट्रांसफार्मर्ज़ की रिपेयर्ज़ पर कुल 21 लाख रुपए खर्च हुए हैं। मैं एक और फैक्ट आपके नोटिस में लाना चाहता हूं कि हमारे बोर्ड ने ट्रांसफार्मर्ज़ की रिपेयर्ज़ के लिए इतनी अच्छी वर्क ाप लगाई हुई है, कारखाना लगाया हुआ है कि हम अपने आप सब रिपेयर्ज़ कर लेते हैं, बल्कि राजस्थान के बिजली बोर्ड ने हमें एप्रोच किया कि हमारे ट्रांसफार्मर्ज़ रिपेयर कर दो। तो आप देखें कि कितनी एफीि ाएंसी के साथ हमारा बिजली बोर्ड ट्रांसफार्मर्ज़ की रिपेयर का काम करता है। इसके अलावा एक बात जो चौधरी दल सिंह

जी ने कही वह बिलकुल ठीक है, कि हमारे प्रदे ा में बिजली की कमी है, कारखाने बंद पड़े रहते हैं और हजारों लाखों मजदूर बेकार हो जाते हैं। और ट्यूबवैल्ज़ को पूरी बिजली नहीं मिलती जितनी बिजली आज किसान चाहता है, उतनी बिजली हम किसान को नहीं दे पाते, यह सच्चाई की बात है, लेकिन उपाध्यक्ष महोदया इसमे किस का दोश है ? सारा दोश हरियाणा सरकार का या हरियाणा बिजली बोर्ड का हो, ऐसी बात नहीं है, आप जानते हैं कि पिछले तीन साल में हरियाणा के अन्दर बारि ा नहीं हुई और हरियाणा में ही नहीं, बल्कि सारे दे ा में ही इन तीन सालों में सूखा रहा है और इस साल बदकिस्मती से एक बात और अधिक हुई कि न सिर्फ मैदानों में बारि ा नहीं हुई, बल्कि पहाड़ों पर भी बारि ा नहीं हुई और गोबिन्द सागर का जो कैचमैंट एरिया है, उसमें बहुत कम बारि ा हुई, जिसके नतीजे के तौर पर आज गोबिन्द सागम में पानी का स्तर पिछले साल के मुकाबले में 105 फीट नीचे हैं। आप यह भी जानते हैं कि आज हरियाणा में बिजली प्राप्त करने का जो सब से बड़ा सोर्स है, वह भाखड़ा है और हाइड्रो–इलैक्ट्रिक पावर है ––(विघ्न)–– आप समझिए इस बात को पिछले साल इन्हीं दिनों हमें भाखड़ा से 33 लाख यूनिट्स बिजली प्रति दिन मिलती थी, जो आज केवल 14 लाख यूनिट्स मिल रही है। इस तरह आप देखें 19 लाख यूनिट्स प्रति दिन का भाखड़ा से बिजली प्राप्त करने में घाटा हमें रहता है। इस घाटे का सामना तो करना ही पड़ेगा। यह जो संकट है, यह दैवी प्रकोप है, जिसका कोई मुकाबला नहीं कर सकता। उपाध्यक्ष महोदया,

आज जानती हैं और दूसरे भाई भी जानते हैं कि 8/10 साल पहले जब कहत पड़ते थे तो इसलिए पड़ते थे कि बारि ा नहीं होती थी और उस समय न बिजली का साधन होता था और न नहर का पानी ही होता था। उस वक्त क्या हालत होती थी ? उस वक्त लोग भूखे रहते, न अनाज मिलता और न प ाुओं के लिए चारा मिलता और खेतों में प ाुओं के हड्डियों के ढेर नजर आते थे। तो जब दैवी प्रकोप होता है और कुदरत नाराज़ होती है, तो मुि कल का सामना करना ही पड़ता है। आज बिजली के संकट का जो सबसे बड़ा कारण है, वह है बारि ाों का अभाव। आज कल हमें 75 लाख यूनिट्स बिजली प्रतिदिन चाहिए, लेकिन आजकल हमें मिलती है, केवल कभी 25 लाख और कभी 30 लाख और ज्यादा से ज्यादा अगर जोर मारते हैं तो चालीस लाख यूनिट्स मिल जाती है। मैं यह भी बताना चाहता हूं कि डोमैस्टिक कन्ज़म्प ान कामि ायल और असैंि ायल इंडस्ट्रियल कन्ज़म्प ान के लिए हमें बीस लाख यूनिट बिजली प्रतिदिन चाहिए और इन तीनों को हम बन्द नहीं कर सकते। बाकी कभी, 5 लाख कभी दस लाख और कभी बीस लाख यूनिट्स बचती है और इसमें हम ट्यूबवैल्ज़ को चलाने के लिए प्राथमिकता देते हैं। आपको याद होगा कि पिछले दिनों जब हमारे पास बिजली की अत्यन्त कमी थी, तो व्हीट का सोइंग सीजन का गया। व्हीट हमारी मुख्य फसल है, इसलिए उसकी ज्यादा से ज्यादा बिजाई करनी थी। तो हमने आठ दिन तक हरियाणा के समस्त कारखानों के लिए बिजली बन्द कर दी और इसलिए कर दी ताकि हमारी गेहूं की बिजाई पूरी हो

जाए। उपाध्यक्ष महोदया, मेरे पास उन दिनों बड़े–बड़े उद्योगपतियों के देहली से टैलीफोन आए और मेरे पास सुरजपुर की सीमेंट फैक्ट्री के मालिक आए, और उन्होंने कहा कि सीमुंट असैंि ायल कमोडिटी है, इसलिए सीमेंट बनाने के लिए बिजली दो। मैंने उनको जवाब दिया कि ठीक है, सीमेंट बहुत जरूरी चीज है, लेकिन आप मुझे यह बताएं कि सीमेंट ज्यादा जरूरी है या रोटी ज्यादा जरूरी है।

हमने अनाज को बढ़ाने के लिए, कृशि उत्पादन के लिए बिजली देनी है, इंडस्ट्रीज के लिए बिजली देनी है, क्योंकि यहां मजदूरों को काम मिलना है, लेकिन इंडस्ट्रीज को बिजली देने का काम नम्बर दो पर रखा गया है, नम्बर वन एग्रीकल्चर को दिया है। हमारे यहां डोमैस्टिक कन्ज़म्प ान बिजली की 6.2 है, कमि र्ायल 13.3 है, इंडस्ट्रीज 49.6 है, एग्रीकल्चर 37.6 है और दूसरे कामों पर 3.4 है। एग्रीकल्चर पर खपत 37.6 है, जो हिन्दुस्तान के अन्दर हाइएस्ट है, कृशि क्षेत्र में इतनी खपत सारे हिन्दुस्तान में नहीं है, जितनी हरियाणा स्टेंट के अन्दर है। कई भाई पूछेंगे कि अगर आपके पास बिजली की इतनी भारी कमी है, तो इस कमी को पूरा करने के लिए आपने अब तक क्यों प्रबन्ध नहीं किया ? यह बात बिल्कुल ठीक है, लेकिन उपाध्यक्ष महोदया, वे इस बात को अच्छी तरह से जानते हैं, कि जिस वक्त हरियाणा प्रदे ा बना था, तो उस वक्त हम लोग तो कहीं पिक्चर में नहीं थे। चौधरी दल सिंह और उनके बड़े बड़े नेता थे, और जब

विभाजन होने लगा, तो हमें पंजाब की निस्बत कम बिजली अलाट हुई। बिजली कौमन पूल में जाने के बाद, नंगल फर्टीलाइजर फैक्ट्री में जाने के बाद जो बिजली बचती थी, वह हरियाणा और पंजाब में तकसीम हुई। तकसीम करने से पंजाब को 60.5 मिली और हमको 39.5 मिली। उपाध्यक्ष महोदया, आपको पता होगा कि भाखड़ा के पानी के अन्दर हमारा भोयर पंजाब से ज्यादा है, तो क्या वजह है कि हमें बिजली कम मिली ? इसलिए कम मिली कि हम बिजली खपा नहीं सकते हैं, तो क्या वजह है कि हमें बिजलील कम मिली ? इसलिए कम मिली कि हम बिजली खपा नहीं सकते थे, हमारे पास बिजली के कन्जम्प ान के साधन नहीं थे। हमारी खपत और कन्जम्प ान को देखते हुए हमें बिजली कम मिली। अगर चौधरी दल सिंह और उन के नेता इस बात को ध्यान रखते, बिजली की लाईनें लगतो, फैलाव करते, तो हजारा कन्जम्प ान ज्यादा होता और हमे ाा के लिए भाखड़ा में हमारा बिजली का भोयर ज्यादा होता। इन्होंने इस ओर ध्यान नहीं दिया इसलिए ऐसा हुआ है। उपाध्यक्ष महोंदय जब से हमारे मुख्य मंत्री ने सरकार की बागडोर अपने हाथ में ली है, बिजली का फैलाव ज्यादा किया है। एक वक्त ऐसा था, जब भाखड़ा से बिजली मिलती थी, तो उसको कन्ज्यूम नहीं कर सकते थे और हालत यह थी कि जो बिजली ज्यादा क्न्जयूम करता था, हम उसको इंसैंटिव देते थे, ज्यादा बिजली खर्च करने वाले को कम पैसे देने पड़ते थे और कम बिजली खर्च करने वाले को ज्यादा टैरिफ रेट देना पड़ता था क्योंकि कन्ज्यूम करने के साधन हमारे पास नहीं थे। हम यह

साधन पैदा करते गए। बिजली पैदा करने के साधन भी जुटाए और खर्च करने के साधन भी जुटाए। हमने सन 1968 के अन्दर ही फरीदाबाद में थर्मल प्लांट लगाने के लिए म ाीनरी का आर्डर–प्लेस कर दिया, क्योंकि हमने यह महसूस कर लिया था कि सबसे पहले बिजली की कमी जरूरत महसूस होगी। इस थर्मल प्लांट के निर्माण का कार्य 1971 में भाुरू कर दिया। तीन साल के अन्दर हमने फरीदाबाद का एक यूनिट बनाकर तैयार कर दिया जो आज ट्रायल बेसिज़ पर चल रहा है। हिन्दुस्तान में यह रिकार्ड टाईम है कि तीन साल में यह थर्मल प्लांट बन कर तैयार हो गया, इतने थोड़े अर्से में किसी प्रांत में नहीं बना .....

चौधरी दल सिंहः भठिण्डा का बना है।

श्री बनारसी दास गुप्तः भटिण्डा थर्मल प्लांट का काम हमसे पहले भाुरू हुआ था। चौधरी दल सिंह कह रहे थे कि मैंने जाकर फरीदाबाद प्लांट का उद्घाटन किया है, मैंने उद्घाटन नहीं किया है। अगर मैं इनकी बात को झूठ कहूं, तो अनपार्लियामैंट्री भाब्द हो जाएगा। लेकिन है यह सफेद झूठ, यह बिल्कुल गलत बात कही। उन्होंनें कि उसका उद्घाटन किया है, आज तक उसका उद्घाटन किसी ने भी नहीं किया है। न मैंने किया है और न किसी और ने किया है। इन्होंने यह कहा कि उससे एक भी यूनिट बिजली आज तक नहीं मिली। मैं उनके नोटिस में लाना चाहता हूं कि डेढ़ से दो लाख यूनिट तक उससे बिजली पैदा हो चुकी है। जब थर्मल प्लांट चलता है, तो उसमें खराबियों भी हो

जाया करती हैं। भटिण्डा थर्मल प्लांट बहुत पहले चालू हुआ था, लेकिन खराब हो गया और अब बन्द है। कई खराबियां हो जाती हैं, क्योंकि थर्मल प्लांट के अन्दर म ाीनरी का बहुत भारी फैलाव होता है, कभी किसी चीज में डिफैक्ट हो जाता है, कभी किसी चीज में हो जाता है। हमारा एक थर्मल प्लांट फरीदाबाद में लग चुका है, जिसकी प्रोडक ान जनवरी में भाुरू हो जाएगी। आप देखें इसके अलावा हम क्या क्या कर रहे हैं। उपाध्यक्ष महोदया, फरीदाबाद में हम एक और थर्मल प्लांट लगाने जा रहे हैं। 60 मैगावाट का लग चुका है और 60 मैगावाट का और लगाया जाएगा। इसी साल दिसम्बर, 1975 तक यह दूसरा थर्मल प्लांट आ जाएगा, जिससे 60 मैगावाट बिजली मिलने लगेगी। इसके और भी इन्तजाम कर रहे हैं, उसी जगह फरीदाबाद में ही तीसरा यूनिट लगाने का निर्णय लिया है, जिसके लिए सैंन्ट्रल वाटर ऐंड पावर कमी ान को ऐप्लाई कर दिया है स्वीकृति के लिए अनुमति के लिए ताकि हम काम भाुरू कर सकें। जैसा कि चौधरी दल सिंह ने कहा कि आए साल पानीपत थर्मल प्लांट की बात दोहरा देते हैं, यह ठीक बात है दोहराते हैं, क्योंकि पानीपत में दो यूनिट 110—110 मैगावाट के लगाने हैं। लेकिन हमने यह बात कभी नहीं कही कि 77—78 से पहले प्रोडक ान आ जाएगी। एक यूनिट प्रोडक ान में सन 1977—78 में आने की आ ाा है और दूसरा प्रोडक ान में आएगा एक साल के बाद यानी 1978—79 में। यह हम कभी नहीं कहते हैं कि 1975—76 में आ जाएगा। इसमें कुछ कार्य आरम्भ हो चुका है, म ाीनरी के लिए आर्डर दिए जा चुके

हैं, 3 करोड़ रुपया इन–एडवांस दे दिया है। हमें पूरी आ ाा है कि जो लक्ष्य हमने निर्धारित किया है, उस समय तक पानीपत में थर्मल प्लांट लगाने में कामयाब हो जाएंगे। पानीपत के अन्दर एक सैकेण्ड यूनिट लगाने का भी प्रोग्राम है लेकिन यह यूनिट छठी पंचवशीय योजना में कायम होगा, इससे पहले काम नहीं हो सकता। इस तरह बिजली का प्रबन्ध थर्मल प्लांट लगाकर कर रहे हैं। इनके अतिरिक्त वैस्टर्न जमना नहर पर 45 मैगावाट का एक यूनिट लगाने की स्कीम है, जिससे हाईड्रो–इलैक्ट्रिक पैदा होगी। वहां पर जो नैचुरल फाल है, उस पर यह यूनिट लगाया जाएगा। यह सी0डब्ल्यू0पी0सी0 के पास मंजूरी के लिए गया है, मंजूरी आने के बाद भाुरू किया जाएगा। हम यहां पर ऐसे ही नहीं बैठे हैं, हमारे आफिसर इस प्रयत्न में हैं कि बिजली की जो कमी हो रही है, उसको किस प्रकार पूरा किया जाए। हम यह जानते हैं कि तमाम दुनियां के अंदर बिजली एक ऐसी भाक्ति है, जिसके सहारे से दे ा प्रगति कर सकता है, बिजली से ही कृशि की पैदावार बढ़ सकती है, बिजली से ही उद्याग धन्धे प्रगति कर सकते हैं। बेरोजगारी दूर हो सकती है और कई दूसरे साधन जुटाए जा सकते हैं। ब्यास और रावी का काम चल रहा है। अभी पिछले दिनों आपने सुना होगा कि डेढ़ साल में यह काम पूरा हो जाएगा। इस प्रोजैक्ट से हमें पानी मिलेगा, बिजली भी मिलेगी। पहला यूनिट बिहार का है, जिससे हमें 211 मैगावाट यूनिट बिजली मिलेगी, दूसरा पौंग डैम का है जिससे 40 मैगावाट मिलेगी। 1976–77 के अंदर इन दोनों यूनिटों सें बिजली मिलनी भाुरू हो

जाएगी और हमें लाभ होगा। इनके अतिरिक्त एक प्रोजैक्ट हिमाचल प्रदे ा में चल रहा है–– सिडल हाईड्रो–इलैक्ट्रिक परियोजना। इस प्रोजैक्ट में हमारा भोयर है जिससे 40 मैगावाट बिजली मिलेगी और 1978–79 में इस प्राजैक्ट से हमें लाभ होना आरम्भ हो जाएगा। इसके अलिावा जम्मू क मीर में सैंन्ट्रल स्कीम के अन्दर सलाल का हाईड्रो–इलैक्ट्रिक प्राजैक्ट है, इस पर अभी काम भाुरू नहीं हुआ है, लेकिन जब इस में बिजली का उत्पादन भाुरू होगा, तो 50 मैगावाट बिजली हरियाणा को मिलेगी। इतना काम करने के काद भी हम खामो ा नहीं बैठे हैं। उपाध्यक्ष महोदया, हमारा यह विचार है योजना है कि हम किसी बड़े प्रोजैक्ट के अंदर भोयर होल्डर बनें और किसी ऐसी स्टेट के साथ मिलकर अपने प्रांत के लिए बिजली पैदा करें जिससे हमारी कमी दूर हो पाए।

कल हमारे विपक्षी दल के भाई बोल रहे थे कि फलां प्रदे ा में बिजली पैदा करने की क्षमता इतनी है और फलां प्रदे ा में इतनी है, जबकि हरियाणा में यह क्षमता नहीं है। यह ठीक बात है। मैं मानता हूं कि हरियाणा में बिजली पैदा करने की क्षमता ज्यादा नहीं है। यहां तो एक 25 मैगावाट का थर्मल प्लांट फरीदाबाद में है और एक 6.8 मैगावाट का सूरजपुर में है। इसके अलावा अभी हाल ही में 60 मैगावाट का एक और थर्मल प्लांट फरीदाबाद में हमने लगाया है और एक सेसा ही बिजलीघर कुछ महीने प चात् भाुरू कर दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त पानीपत

में प्रत्येक 110 मैगावाट के दो बिजलीघरों के निर्माण कों मुकम्मल करने के प्रयत्न किए जा रहे हैं। डिप्टी स्पीकर साहिबा, इसके अलावा हम और क्या कर रहे हैं यह भी मैं आपको बताता हूं। हमारे पड़ौस में हिमाचल प्रदे ा है। उसमें हाइड्रो–इलैक्ट्रिसिटी के बड़े पोटैंि ायल हैं, वहां बड़ी गुंजाइ ा है और अनेक प्रकार के उनके यहां प्रोजैक्ट हैं, जहां हजारों मैगावाट बिजली पैदा हो सकती है। पिछले दिनों हमारे आफिसर्ज की एक टीम ि ामला गई और उनके अधिकारियों के साथ नाथवा झाकरी प्राजैक्ट के सम्बन्ध में उन्होंने बात की। उसमें एक हजार मैगावाट बिजली पैदा हो सकती हैं इस प्रोजैक्ट में भोयरहोल्डर बनने के लिए हमारे अधिकारियों ने उनके अधिकारियों के साथ बातचीत की। मैंने स्वयं भी उनके एक मंत्री के साथ दिल्ली में बैठकर बातचीत की। कुछ टमर्ज़ के अंदर, उपाध्यक्ष महोदया, हम भोयर होल्डर बन गए तो मैं समझता हूं कि अगले बीस साल तक के लिए हरियाणा की बिजली की समस्या बिल्कुल हल हो जाएगी। इतने पर भी हम चुप नहीं बैठे हैं। हम और भी प्रयत्न कर रहे हैं। हमारे जो इरीगे ान ऐंड पावर के कमी नर हैं, उनकों पिछले दिनों हमने मध्यप्रदे ा भेजा। उन्होंने मध्यप्रदे ा सरकार से बातचीज की कि तुम्हारे यहां जो कोल पिट्स हैं, सतपुड़ा के उन पर हम थर्मल प्लांटस लगाएं ताकि कोयला लाने की दिक्कत न रहे। डिप्टी स्पीकर साहिबा, आप तो जानती हैं कि विरोधी दल का सारे हिन्दुस्तान में क्या रोल है। एक तरफ तो ये कमी की बात करते हैं लेकिन दूसरी तरफ कमी को दूर करने वाले काम में रूकावट

पैदा करते हैं। पिछले दिनों इन्होंने रेलवे की हड़ताल करवाई। उसका क्या परिणाम हुआ ? कोयला नहीं पहुंचा। कोयला न पहुंचने से कारखाने नहीं चले, थर्मल प्लांटस नहीं चले और थर्मल प्लांटस ने चलने से बिजली पैदा नहीं हुई। जब बिजली पैदा नहीं हुई, तो किसान को बिजली नहीं मिली, उसक ट्यूबवैल्ज़ नहीं चले और अनाज की पैदावार घटी। तो एक तरफ तो ये कमी की ि ाकायत करते हैं लेकिन दूसर तरफ पैदावार के रास्ते में रूकावट पैदा करने की कोि ा ा करते हैं और भांति–भांति के नारे लगाते हैं। पिछले दिनौं, डिप्टी स्पीकर साहिबा, आपको पता है हरियाणा बिजली बोर्ड के कर्मचारियों को भड़का कर इन्होंने हड़ताल करवा दी। आज अगर वे फिर हड़ताल कर दें तो आप ही बताएं कि बिजली कैसे आएगी ? जब बिजली नहीं आएगी तो किसान के ट्यूबवैल्ज़ कैसे चलेंगे ? जब बिजलल नहीं आएगी तो किसान के ट्यूबवैल्ज कैसे चलेंगै ? जब ट्यूबवैल्ज नहीं चलेंगे तो कृशि की पैदावार नहीं बढ़ेगी तो ये फिर चीखेंगे कि भूखे मर गए या भूखा मार दिया। इसकी नीति क्या है, मुझे यह बात समझ में नहीं आती। तो डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं अर्ज़ कर रहा था कि भारत सरकार की यह पालिसी है कि थर्मल प्लांट ज्यादा कोल पिट्स जहां है, कोल माइन्ज़ जहां हैं, वहीं पर लगाए जाएं। इसके लिए हमारे इरीगे ान ऐंड पावर कमि नर मध्य प्रदे ा के साथ हमारा यह ऐग्रीमैंट हो जाता है तो एक फायदा यह होगा कि ट्रांसमी ानल लाईन्ज के ऊपर हमें ज्यादा खर्च नहीं करना पड़ेगा क्योंकि राजस्थान से बातचीत करके भाखड़ा में राजस्थान का जो

हिस्सा है, उसे हम ले लेंगे और सतपुड़ा में, जो बिजली हमारे हिस्से की पैदा होगी उसमें से भाखड़ा वाले हिस्से के बदले में मध्य प्रदे ा को दे देंगे।

उपाध्यक्षाः गुप्ता साहब, आप कितना टाईम और लेंगे ?

श्री बनारसी दास गुप्तः पांच–सात मिनट और बोल लेता हूं।

इसके अलावा आपको पता है, उपाध्यक्ष महोदया, कि पिछले दिनों हमने एटोमिक ऐनर्जी प्लांट के लिए बड़ी भारी कोि ा ा की। एक साईट सिलैक ान कमेटी यहां आई। उसके चेयरमैन ने ताजेवाला के पास ही जगह सिलैक्ट कर ली थी लेकिन बदकिस्मती से वह फैसला हमारे हम में नहीं हुआ। अब वह एटोमिक एनर्जी प्लांट उत्तर प्रदे ा में नरोरा के स्थान पर लगने जा रहा है। हम फिर भी चुप नहीं बैठे हैं। अब पांचवें एटोमिक ऐनर्जी स्टे ान की बातचीत चल रही हैं उसके लिए हर भारत सरकार के पीछे लगे हुए हैं, ताकि उसे वह हरियाणा के अंदर लगाने का किसी प्रकार से फैसला करे। ये सब हमारी योजनाएं हैं, जो बिल्कुल डैफिनिट हैं, नि चत हैं। हम योजनाबद्ध काम करते हुए जा रहे हैं। होच–पौच डिवैल्पमैंट की बात आज हरियाणा में नहीं है। यहां तो योजनाबद्ध विकास की बात है।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, चौधरी दल सिंह जी ने कृशि पैदावार ने आंकड़े भी दिए। चौधरी दल सिंह जी आय साल उन्हीं

आंकड़ों को देते हैं। वही इनकी किताब है और पैदावार के वही इनके आंकड़े हैं।

चौधरी दल सिंहः किताब आपकी है, मेरी नहीं।

श्री बनारसी दास गुप्तः ठीक है, किताब हमारी है। हम इसे ओन करते हैं।

उपाध्यक्ष महोदया, आज एक बात मैं बतलाना चाहता हूं। हमारे सदन के नेता ने, मुख्य मंत्री जी ने भी एक बार इनके आंकड़ों का उत्तर दिया था। एक साल 1967–68, के अंदर एकदम हमारी प्रोडक ान बढ़ गई थी। हमारे यहां कई बार ऐसा होता है, उपाध्यक्ष महोदया, कि अगर बे ाुमार बारि ा हो जाए, भगवान अगर खु ा हो जाए तो चना बहुत मिकदार में पैदा हो जाता है। आपको याद होगा, मेरे कई बुजुर्ग भाई भी यहां बैठै हैं, भाायद उनको भी याद होगा और मुझे तो अच्छी प्रकार याद है कि नब्बे के साल में इतनी भारी वर्शा हुई थी, कि तमाम हरियाणा प्रदे ा के अंदर बड़ा भारी चना पैदा हुआ कि लोग खेतों से उसे निकाल नहीं पाए। कई जगह तो वह खेतों में ही कुड़ गया। लेने वाला भी कोई नहीं था। कहते हैं कि एक रुपये का एक मन चना बिका था। कई बार ऐसा हो जाता है। इसी प्रकार से, उपाध्यक्ष महोदया सन् 1967–68 में भगवान खु ा हुआ बारि ा अच्छी हुई और चने की फसल एकदम बढ़ गई। चौधरी दल सिंह जी भाायद यही फिगर 37,70,000 टन उत्पादन ही बतलाते हैं। उपाध्यक्ष महोदया,

इस फिगर को तो ये बार–बार कोट कर देते हैं लेकिन एक और बात को ये नहीं बताते जिसे कि मैं बतलाना चाहता हूं। वह बात यह है कि उस साल खरीफ की पैदावार 9,59,000 टनी थी और रबी की फसल 30,11,000 टन उत्पादन की बतलाते हैं। उपाध्यक्ष महोदया, इस फिगर को तो ये बार–बार कोट कर देते हैं लेकिन एक और बात को ये नहीं बताते जिसे कि मैं बतलाना चाहता हूं। वह बात यह है कि उस साल खरीफ की पैदावार 9,59,000 टन थी और रबी की फसल 30,11,000 टन थी। चना रबी में बोया जाता है। जैसा मैंने पहले अर्ज़ किया, उस दफा बारि ा ज्यादा पड़ने और भगवान के खु ा हो जाने के कारण चूंकि चना ज्यादा पैदा हो गया इसलिए यह फिगर बढ़ी जिसको ये आये दफा कोट कर देते हैं। अगर इसके आगे की पोजि ान आप देखें तो उपाध्यक्ष महोदया, सही तस्वीर आपके सामने आ जाएगी। सन् 68–69 के अंदर पैदावार हुई 2754000 टन क्योंकि बारि ा ज्यादा नहीं हुई। उसके बाद सन् 69–70 में पैदावार 4626000 टन हुई क्योंकि बारि ा कुछ अच्छी हो गई। एक दम 19 लाख टन पैदावार बढ़ गई। 70–71 में 4771000 टन पैदावार हुई लेकिन 71–72 में 4543000 टन हुई। कुछ कम हो गई क्योंकि बारि ा कम हो गई होगी। फिर 1972–73 में सूखा साल है। इसके बारे में उपाध्यक्ष महोदया, पुराने आदमी जो हैं, वे कहते हैं कि इतना भयानक सूखा अकाल उन्होंने कभी नहीं देखा लेकिन फिर भी पैदावार 4042000 टन हुई। एक बात और डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं बताना चाहता हूं। वह बड़ी ध्यान देने की बात है। जहां तक रबी फसल

का सवाल हैह, उसमें मुख्य फसल गेहूं की होती है। अब मैं गेहूं के आंकड़े आपको बताता हूं। 67–68 में 1438000 टन हुआ था। 68–69 में 1529000 टन हुआ, 69–70 में 2147000 टन हुआ, 70–71 में 2342000 टन हुआ, 71–72 में 2402000 टन हुआ और 72–73 में 2233000 टन हुआ। तो डिप्टी स्पीकर साहिब आप देखेंगे कि 1967–68 में हमारे यहां जहां 1400000टन गेहूं पैदा होता था, वहां आज 2400000 टन गेहूं पैदा होता है। दस लाख टन की पैदावार बढ़ी है। इसके बाद उपाध्यक्ष महोदया, हमारी महत्त्वपूर्ण फसल है राईस। हमें इस बात का गर्व है कि पिछले साल चावल हमने मिडल ईस्ट कन्टरीज को ऐक्सपोर्ट किया है क्योंकि अरब राश्ट्रों ने हरियाणा की बासमती को, हरियाणा के चावल को पसन्द किया और उसे खरीदा। 67–68 में इसकी पैदावार 287000 टन थी, उसके बाद 272000 टन हो गई, उसके बाद 372000 टन हो गई और आज है 536000 टन। (**इस समय अध्यक्ष महोदया पदासीन हुए**) अध्यक्ष महोदय, मैं यह बतला रहा था कि किस प्रकार पैदावार हमारे प्रदे ा में बढ़ती रही है।

इसके बाद स्पीकर साहब, मैं नहरों के पानी की बात बतला दूं। कल एक बात चौधरी दल सिंह जी कह रहे थे कि नहरें जहां निकाली हैं, वह वे जानते हैं। जिस तरफ इनका ई ाारा था, वह यह है कि जिला महेन्द्रगढ़ और जिला भिवानी के सूखे इलाकों में हमने नहरें निकाली हैं। चौधरी चांद राम ने भी और चौधरी दल सिंह जी ने भी एक बात यह कही कि इनका फायदा

क्या हुआ ? फायदा क्या हुआ, वह मैं जानता हूं क्योंकि वह मेरा इलाका हैं सन् 52 में एक भयानक कहत पड़ गया था। मारवाड़ी रिलीफ सोसाईटी कलकता से अकाल पीड़ितों की सहायता का काम करने के लिए यहां आई। हम जब गांव के अन्दर जाते थे तो हालत देखकर आंखों के अंदर आंसू आ जाते थे। खेतों के अंदर प ाुओं के पिंजरों के ढेर लगे होते थे। लेकिन आज मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि एक भी प ाु, एक भी इन्सान हरियाणा के अन्दर भूख से नहीं मरा। वह इसलिए कि हमने कम से कम एक फसल का पानी दिया उन सूखे इलाकों को, जिससे वे चारा तथा खाने के लायक अन्न पैदा कर लेते हैं और मौज से अपने दिन काट लेते हैं। फिर अध्यक्ष महोदय, यह बात भी गलत है कि हमने इनके यहां का पानी काटकर उधर दिया है। यह तो वह पानी है जो बाढ़ के दिनों में जाया करता था, जिससे फसलें तबाह हो जाती थीं और गांव के गांव डूब जाते थे। उन इलाकों को बाढ़ के पानी की तबाही से बचाया हैं उस बाढ़ के पानी को बचाकर रेगिस्तान के इलाके में पहुंचाया है जो प्यास से मरता था, भूख से मरता था उनको इससे रोटी और चारा मिलता है।

18.00 बजे

अध्यक्ष महोदय, अब मैं अधिक समय नहीं लेना चाहता, क्योंकि सदन के नेता ने भी बोलना है। बहुत समय मैंने सदन का लिया है। असल तस्वीर डिवैल्पमैंट की, विकास की, पानी की और बिजली की लीडर आफ दी हाउस बताएंगें। फिग्र्ज़ तो मेरे पास भी

और काफी थीं, लेकिन लीडर आफ दी हाउस ने बोलना है इसलिए मैंने आपकी इजाजत से सारी बातें सदन के सामने रखीं और इस उद्दे य से रखीं कि वे सही तस्वीर से वाकिफ हो जाएं।

चौधरी दल सिंहः आन ए प्वांयट आफ पर्सनल एक्सप्लेने ान सर।

श्री अध्यक्षः आर्डर प्लीज, आर्डर प्लीज।

चौधरी दल सिंहः स्पीकर साहब, गुप्ता जी ने बार–बार पचासों दफा मेरा नाम अपनी स्पीच में लिया है। मैं यह कहना चाहता हूं कि जो कुछ मैंने कहा वहीं हूबहू गुप्ता जी ने माना है। फिर उन्होंने कह दिया कि गांवों की तादादप बढ़ी है –– (विघ्न) ––

Mr. Speaker: Order please. This is not a personal explanation.

चौधरी दल सिंहः उन्होंने अल्जाम लगाया है। तो स्पीकर साहब यह ज्यादती है ––(विघ्न)–– मैंने जो कुछ कहा है वह बिल्कुल ठीक हैं

Mr. Speaker: Anything about your person ?

चौधरी दल सिंहः पर्सन की बात कहता हूं। इन्होंने कहा कि सन् 1968 के अंदर हमने इलैक ान में हरा दिया। तो मैं यह कहता हूं ––(विघ्न)–– कि आपकी सारी सरकार उसी हल्के से

कई इलैक ानों में मेरे खिलाफ थी और फिर भी आप की हार हुई।

श्री बनारसी दास गुप्तः मैंने यह नहीं कहा। आप रिकार्ड देख सकते हैं। मैंने तो यह कहा है कि लोगों ने हरा दिया।

Mr. Speaker: Order please. No second speech please. The Hon. Chief Minister.

मुख्य मन्त्री (चौधरी बंसी लाल): स्पीकर साहब, राज्यपाल महोदय के अभिभाशण पर सदन में दो रोज से विचार हो रहा है। मुझ से पहले बोलने वाले साथियों ने बहुत सी चीजों पर प्रका ा डाला है और इरीगे ान ऐंड पावर मिनिस्टर श्री बनारसी दास गुप्ता जी ने तो बहुत ही बातें कवर कर ली हैं। इसलिए मैं हाउस का ज्यादा टाईम नहीं लूँगा। जहां तक हमारी प्रान्त की डिवैल्पमैंट का सवाल है, इस बात से कोई इन्कार नहीं कर सकता कि डिवैल्पमैंट का पेस हमारे प्रान्त का हिन्दुस्तान के हर प्रान्त से ज्यादा है। आज मैं यह मानता हूं कि पिछले तीन साल पहले या दो साल पहले जिस तेजी के साथ हमारी तरक्की हो रही थी, उतनी तेजी के साथ तरक्की नहीं हो रही। इसका स्पीकर साहब एक कारण है। जिस समय हमने पूरे हरियाणा प्रांत को इलैक्ट्रिफाई किया, उस वक्त मार्कीट में चीजों को खरीदने के लिए बिजली की तार या खम्भे कोई भी चीज खरीदने के लिए हरियाणा इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड ज्यादा था, बाकी इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड या बाकी सरकार कम थी। हमको जो चीज उस समय मिली, उस

समय उसके भाव भी ठीक थे। उस समय टोटल इलैक्ट्रिफिके ान के ऊपर 44 करोड़ रुपया खर्च हुआ, और आज अगर उतना ही हम काम करें, तो मैं समझता हूं कि 20–25 या तीस करोड़ रुपया ज्यादा खर्च आएगा। अब जब सवाल आता है कि हमने इलैक्ट्रिफिके ान ज्यादा कर दी, ज्यादा गांवों तक बिजली पहुंचाई गई, मैं फिर्ग्ज़ के चक्कर में नहीं पड़ना चाहूंगा। सरकार के पास आज जो आमतौर पर ि ाकायत आती है, वह आती है कि बिजली की भाार्टेज़ है। ि ाकायत यह आती है कि ट्यूबवैल्ज़ को बिजली नहीं मिलती, इंडस्ट्रियलिस्ट को बिजली नहीं मिलती। इसका क्या करें ? मैं इस बात को मानता हूं कि हमारे पास बिजली की कमी है और उस बिजली की कमी को दूर करने का एक ही तरीका है कि हम थर्मल प्लांट लगाएं और कोई दूसरा तरीका है नहीं। स्पीकर साहब, आने वाले जमाने के अंदर अगले दो साल के अंदर–अंदर डहर का जो सलापड़ जगह कहलाती है, ब्यास का प्रोजैकट चालू होते ही हमें डहर से बिजली मिलने लगेगी। भाखड़ा से जो बिजली मिलती है, वह फर्म हो जाएगी। हमारे इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड ने साठ मैगावाट का एक थर्मल प्लांट अभी फरीदाबाद में चालू किया है। वह फुल प्रोडक ान पर कुछ ही दिनों के बाद आने वाला है अगले कुछ महीनों के बाद एक और थर्मल प्लांट साठ मैगावाट का फरीदाबाद में आ जाएगा इसी तरह से 110–110 मैगावाट के दो थर्मल प्लांट हम पानीपत में लगाने जा रहे हैं और उनमें से एक ही हमें उम्मीद है कि दो अढ़ाई साल में आ जाएगा। लेकिन आज पैसे की कमी सरकार के पास

है, सैंट्रल गवर्नमैंट के पास है क्रेडिट सैक्वीज़ भी है। पैसे की कमी इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड के पास भी है और हमारे पास भी है। पैसा हमारे रास्ते में एक रूकावट है। स्पीकर साहब, हमारे माननीय सदस्यगण जो हमारे सामने बैठे हैं, उन्होंने सरकार की नुक्ताचीनी की और नुक्ताचीनी करनी भी चाहिए, क्योंकि अगर नुक्ताचीनी न करें, तो हो सकता है, हम ज्यादा गलती कर जाएं। मैं तो यह चाहता हूं कि वे हमारी नुक्ताचीनी बराबद करते रहें ताकि हम कोई गलत काम आगे न करें। अगर मेरे भाई जो मैरे सामने बैठे हैं, वे चार्ज ाीट न देते, तो मैं इतना सम्भल कर न चलता, जितना आज चल रहा हूं। तो इन्होंने मेरा भला किया है, मेरा नुक्सान नहीं किया। मैं इनका बहुत अहसानमन्द हूं।

चौधरी दल सिंहः एक और चार्ज ाीट दे दें ?

चौधरी बंसी लालः और ज्यादा दे देंगे और ज्यादा अहसानमन्द हूंगा। तो स्पीकार साहब जब काम ज्यादा तेजी से होता है तो उसमें कोई कमी भी रह जाती है, कोई काम सब–स्टैण्डर्ड भी हो सकता है, लेकिन देखने की बात यह है कि काम करने वाले की नीयत क्या थी ? हमारी नीयत बिल्कुल साफ थी कि सारे हरियाणा के एक–एक गांवों को इलैक्ट्रिफाई करना बगैर इस बात की तमीज के कि अपोजी ान पार्टी के किसी मैंबर का हलका है या कांग्रेस पार्टी के मैंबर का हलक है। हमने सब जगह बिजली पहुंचाई। अब अगर कोई यह कहे कि गांवों में सब जगह बिजली नहीं लगी तो चण्डीगढ़ जो कस्बा है, भाहर है, सिटी

है यह स्पीकर साहब सबसे ज्यादा माडर्न भाहर है और मेरी इन्फर्मे ान के मुताबिक 17 परसैंट घरों में चण्डीगढ़ में बिजली नहीं है। तो यह हमारा कसूर नहीं है। तो पावर जनरे ान का जितना हम प्रबन्ध कर सकते हैं, हम कर रहे हैं और अगले दो–अढ़ाई साल के बाद हरियाणा प्रान्त में पावर की भाार्टेज नहीं रहेगी। हम इतना प्रबन्ध करने में कामयाब हो जाएंगे कि हमारे किसानों और हमारे इंडस्ट्रियलिस्ट को पूरी पावर मिलेगी ––(तालियां) ––

जहां तक अनाज की पैदावार का सवाल है, वह बनारसी दास जी ने सदन को आंकड़े बताए। जो आंकड़े हमारे विरोधी भाई दे देते हैं, वह चने की वजह से दे दे देते हैं, वरना आज एवरेज़ ईल्ड पर हैक्टेयर बढ़ी है। सन् 1968–69 में 850 के0जी0 थी, बढ़िया से बढ़िया साल था। सन् 1972–73 में 970 के0जी0 थी। भाूगर केन, काटन, आयल सीड्स में ऐसा है कि भाूगरकेन सन् 1967–68 में हमारे प्रान्त में चार लाख 75 हजार टन पैदा हुई थी। 1973–74 में यह बढ़कर पांच लाख 96 हजार टन हो गई। काटन सन् 1967–68 में दो लाख 68 हजार गांठे थी और 1973–74 में यह बढ़कर चार लाख 50 हजार गांठें हो गई।

इसी तरह स्पीकर साहब ट्यूबवैल्ज़ की संख्या के ऊपर चौधरी दल सिंह जी और चौधरी चांद राम जी इरीगे ान ऐंड पावर मिनिस्टर की फिग्र्ज़ को चैलेन्ज़ कर रहे थे। मैं उनकी इनफर्मे ान के लिए आपके जरिए बताना चाहता हूं कि सन्

1967–68 में आंकड़े थे, ट्यूबवैल्ज़ पंपिंग सैट्स और वैल्ज़ तीनों मिलाकर 25797 और सन् 1969–70 में इनकी तादाद हो गई एक लाख 44 हजार 636। आज ट्यूबवैल्ज पंपिंग सैटस और वैल्ज़ तीनों को मिलाकर इनकी तादाद हो गई है 2 लाख 2 हजार 109। अब इन फिग्र्ज़ को चैलेन्ज करें। मैं यह एथैनटिक फिग्र्ज़ बता रहा हूं। गुप्ता जी ने आपको बताई पंपिंग सैट्स और ट्यूबवैन्ज़ की, मैंने जो कुएं बने हैं, जिनमें न बिजली है, न पंपिंग सैट्स हैं, वे भाामिल करके बताए हैं।

चौधरी चांद रामः पैदावार तो नहीं बढ़ी।

चौधरी बंसी लालः पैदावार बढ़ी है। यह कोई नहीं कह सकता कि पैदावार नहीं बढ़ी। पैदावार के मैंने आपको आंकड़े बताए हैं, पैदावार बढ़ी है, मैंने आपसे प्रार्थना की कि सन् 1968–69 का जो आप ऊंचे से ऊंचा साल समझते हैं, उसमें 887 के0जी0 पर हैक्टेयर पैदावार थी और सन् 1973–74 में यह 970 के0जी हो गई। बहुत फर्क पड़ा है।

इसी तरह से हाई ईल्डिंग वैराइटी का जो सीड फार्म था, स्पीकार साहब, वह टैन फोल्ड बढ़ गया। 1967–68 में इसकी खपत थी 86 हजार क्विंटल और 1973–74 में यह बढ़कर हो गया 14 लाख हैक्टयेर। फर्टीलाईज़र की कन्जम्प ान 1966–67 में थी 66 हजार 700 टन और 1973–74 में यह हो गई 5 लाख 80 हजार टन। पर हैक्टेयर यूज़ आफ फर्टीलाइजर 1966–67 में

स्पीकर साहब 18 के0जी0 पर–हैक्टेयर था और 1973–74 में यह हो गया 155 के0जी पर–हैक्टेयर। इसी तरह से हमारी ऐग्रो इंडस्ट्रीज कार्पोरे ान भी अच्छा काम कर रही है। जीटर ट्रैक्टर 4277 उन्होंने नीलोखेड़ी में इस कार्पोरे ान ने असैम्बल किए और एक मार्डन कैटल फीड प्लांट जींद में लगाया है एक करोड़ रुपए की लागत से अभी चालू हुआ है जिससे प ाुओं को खिलाने में और दूध बढ़ाने में हमको फायदा होगा और हरियाणा ऐग्रीकल्चर माकीर्टिंग बोर्ड जो है, उसने नई मण्ड़या भी बनाई हैं और नई मण्डियां आगे बनाते भी जा रहे हैं। इस वक्त जो मण्ड़ियां बन रही हैं, वे हैं भाहजादपुर, ढांड, मतलोडा, जुंडला, नसंग, होडल, हसनपुर, फरुखनगर, सोहना, खरखोदा, कलानौर, सांपला, जुई, बहल, पालसमन्द और जींद। तो वह काम भी हम करते जा रहे हैं। लैंड रिक्लेमे ान के काम की बात गुप्ता जी ने बताई। हम लैंड रिक्लेमे ान का काम भी तेजी से कर रहे हैं। इसी तरह से स्पीकर साहब, ऐनीमल हैस्बन्डरी में हम बड़ी तेजी से कर रहे हैं। बहुत सी चीजों की डिटेल में मैं इसलिए नहीं जाऊंगा क्योंकि गुप्ता जी ने बहुत सी बातें खोलकर आपको बताई हैं। को–आप्रेटिव सोसाइटीज़ की तादाद 30 जून 1968 को 12550 थी और वर्किंग कैपिटल था 66 करोड़ 37 लाख। मैंबरि ाप थी 9 लाख 57 हजार। और 30 जून 1974 को कोओप्रेटिज़ की संख्या है 13898। वर्किंग कैपिटल 66 करोड़ 37 लाख की बजाए 253 करोड़ 47 लाख हो गया और मैंबरि ाप 14 लाख 19 हजार हो गई। इसी तरह से स्पीकर साहब, जो अमाउंट प्राइमरी को–आप्रेटिव

एग्रीकल्चरल सोसाइटीज़ ने एडवांस किया है, 1967–68 में 2 करोड़ 21 लाख, 1973–74 में 9 करोड, 26 लाख। मार्कीटिंग फैडरे ान ने जो एग्रीकल्चरल प्रोड्यूस को हैंडल किया। 1967–68 में 56 लाख था और 1973–74 में यह 20 लाख 30 हजार क्विंटल गन्ना पीड़ा, जबकि 1973–74 में यह 38 लाख 42 हजार क्विंटल गन्ना पीड़ा। 1967–68 में एक लाख 78 हजार क्विंटल चीनी पैदा हुई। दोनों मिलों में जबकि 1973–74 में यह बढ़कर 3 लाख 27 हजार क्विंटल हो गई। तो स्पीकर साहब, इसी तहर से डेयरी डिवैल्पमैंट में, हमारे पास एग्रीकल्चर के बाद, दूसरे नम्बर पर एनीमल हस्बैंडरी डेयरी डिवैल्पमैंट का ही काम है। इससे ही हमारे दे ा की हमारे प्रान्त की खु ाहाली हो सकती है। इमने जींद, भिवानी और अम्बाला में तीन बड़े बड़े प्लांट अब तब लगा दिए हैं। उनकी कैपेसिटी बढ़ायी भी जा सकती है। अगले दो प्लांट एक फरीदाबाद और एक रोहतक में, अन्डर कन्स्ट्रक ान हैं और कुछ ही महीनों में बनकर तैयार हो जाएंगे। हम अपनी स्कीम के मुताबिक बैंकों से लोन दिलवाते हैं, लैंडलैस फार्मर्ज़ को या लैंडलैस गरीब हरिजन को ताकि उनको भैंसों का कर्जा मिल जाए। उससे व दूध भी पी सकें, बच्चों को भी पिला सकें। साथ की साथ उसको बेचर गुजारा भी कर सकें। यह काम हम पूरे प्रांत में बड़ी तेजी से फैला रहे हैं। हम यह चाहते हैं कि प्रांत में कोई आदमी बगैर भैंस के न रहे। एक एक गांव, जो ज्यादा से ज्यादा इंटीरियर में है, उसका दूध भी मिल्क प्लांट तक पहुंचा देंगे। इसके बाद स्पीकर साहब, बिजली पर जो बात चल रही है, बिजली

के बारे में मैंने भी जवाब दे दिया है और इरीगे ान ऐंड पावर मिनिस्टर ने भी जवाब दे दिया, लाइन लासिज के बारे में, मैं हाज़िर नहीं था, भाायद इरीगे ान ऐंड पावर मिनिस्टर ने बताया हो। हमारा जो लाइन लाग है, वह है 21.60 प्रति ात यानी 22 प्रति ात से कम और आन्ध्र प्रदे ा में लास है 25.20 प्रति ात, बिहार में यह है 31.23 प्रति ात, पंजाब में यह है 24.71 प्रति ात, राजस्थान में यह है 25.7 प्रति ात, यू0पी0 में यह है 26.14 प्रति ात। यानी कोई प्रान्त इनमें से ऐसा नहीं, जिसके लाइन लॉसिज हम से कम हों। हमारे लाइन लासिज बराबर घटते आए हैं। 1972–73 में हमारे थे 23.30, 1973–74 में हमारे थे 22.3, 1974–75 में यह 31 नवम्बर 1974 तक की फिग्र्ज़ हैं, 21.80। तो मैं यह समझता हूं कि इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड ने लाइन लासिज़ घटाने की अच्छी कोि ा ा की है। लेकिन जहां लाईनें इतनी लम्बी–लम्बी इंटीरियर तक जाती हों, लम्बी लाईनें हों, तो लाइन लासिज़ का होना कोई अजीब बात नहीं है और लाइन लासिज़ को बहुत ज्यादा घटा भी नहीं सकते ––(व्यवधान)––

चौधरी चांद रामः यह भी तो बता दो कि कितना खर्च करने के बाद यह लाइन लासिज़ कम हुआ है।

चौधरी बंसी लालः अगर लाईन लासिज़ कम करेंगे तो खर्च तो होगा ही। मुफ्त में तो स्पीकर साहब, कोई भी काम नहीं होगा। स्पीकार साहब, इसी तरह से एम्पलायमैंट में भी during the period January, 1974, 82, 874 were registered and 9085

placed in gainful employment. The placement is 11% as against All India average of 8.4 percent for the same period. एक्साइज़ एंड टैंक्से ान में हमारी इनकम बराबर बढ़ती जा रही है। 1968–69 में हमारी ऐक्साइज़ ऐंड टेक्से ान में इनकम थी 26 करोड़ 58 लाख, 1969–70 में यह हो गई 28 करोड़ 41 लाख, 1970–71 में यह हो गई 34 करोड़ 15 लाख, 1971–72 में यह हो गई 40 करोड़ 34 लाख, 1972–73 में यह हो गई 48 करोड़ 65 लाख, 1973–74 में यह हो गई 60 करोड़ 80 लाख, 1974–75 में एप्रौक्सीमेटली 70 करोड़। यानी 26½ करोड़ से चलकर 70 करोड़ पर हम पिछले 6 साल में पहुंच गए हैं। और इस सैल्ज़ टैक्स से हमने हलवाई ऐग्जैम्पट कर रखे हैं Cotton seed when purchased by a registered dealer exempted from payment of tax और दुकानदारों को भी हमने यह रियायत दे रखी है कि जब तक बहुत जरूरी न हो या कोई खास सीरियस किस्म का कोई टैक्स इवेज़न न हो, तब तक हम किसी के यहां छापा नहीं मारते, किसी का कोई बही–खाता वगैरह चैक नहीं करते।

फूड ऐंड सप्लाईज़ का काम भी हमारा बड़ा तसल्लीबख्भा है। फारैस्ट हमारे पास बिल्कुल न होते हुए भी हमारे फारैस्ट का काम भी बिल्कुल तसल्लीबख्भा है। हैल्थ के बारे में स्पीकर साहब, हमने कई अस्पताल बनाए हैं और कई अस्पताल अब भी बन रहे हैं। जो अस्पताल इस वक्त डिस्ट्रिक्ट लेवल पर बन रहे हैं, वे हैं भिवानी, कुरुक्षेत्र, गुड़गांवा और जींद। सब–डिवीजनल लेवल पर जो बन रहे हैं वे हैं – कैथल,

यमुनानगर, नरवाना और रिवाड़ी। प्राइमरी हैल्थ सैन्टर्ज़—सीवन कुरुक्षेत्र डिस्ट्रिक्ट और मुडलाना सोनीपत डिस्ट्रिक्ट, और बड़ागुढ़ा हिसार डिस्ट्रिक्ट और कुराली गुड़गांव डिस्ट्रिक्ट, ये अन्डर कन्स्ट्रक ान हैं। और स्पीकर साहब, हमारे भाुरू में फोर्थ प्लान में पर—कैपिता दवाई पर जो एक्सपैंडीचर था, वह 21 पैसे थे, और फोर्थ प्लान के ऐंड में यह 82 पैसा पर—कैपिटा हो गया। This is the highest per.capita expenditure on medicine in the country हाउसिंग में स्पीकर साहब, हाउसिंग बोर्ड ने पांच सौ घर एक बनाए, और आठ सौ, साढ़े आठ सो एक बनाए। इस वक्त तक टोटल 1314 हाउस बना चुके हैं और उम्मीद है कि 1974—75 में 31 मार्च 1975 से पहले पहले 200 घर और बना देंगें। हाउसिंग बोर्ड का काम खाता कामैन्उेबल है। इंडस्ट्रीज में भी हमारा काम बहुत अच्छा रहा है। बड़ी अच्छी इंडस्ट्रीज लगी हैं। इंडस्ट्रियल कनैक ान बहुत ज्यादा दिए गए हैं लेकिन अब हमारी बदकिस्मती है कि इंडस्ट्रीज पर बड़ा भारी कट है क्योंकि हमको ट्यूबवैल्ज़ के ऊपर चलाना पड़ता है। अगले दो—ढ़ाई साल तक हमें यह तकलीफ रहेगी अगर भगवान बारि ा कर दे तो हमारी यह तकलीफ जल्दी भी दूर हो सकती है, लेकिन बारि ा न होने की भाक्ल में दो—ढ़ाई साल के बाद जब ढहर से बिजली मिलने लगेगी, हमारा फरीदाबाद का दूसरा प्लांट आ जाएगा और भाखड़ा फर्म हो जाएगा, उसके बाद बिजली की दिक्कत इंडस्ट्री के लिए नहीं रहेगी जितनी कि आज है। इरीगे ान में स्पीकर साहब, चौधरी दल सिंह ने थोड़ी देर पहले ही कहा कि इरीगे ान बढ़ाई,

यह किया वह किया। इरीगे ान ऐसा है कि एक्चुअल इरीगेटिड एरिया और सी0सी0ए0 1966–67 में था। 57 लाख 12 हजार एकड़ और एक्चुअल इरीगेटिड था उस वक्त 32 लाख 75 हजार एकड़ और 1973–74 में सी0सी0ए0 हो गया। 65 लाख 84 हजार एकड़ और ऐक्चुअल इरीगे ान हो गई। 40 लाख 88 हजार एकड़ आढैर हमने लाइनें जो हैं लैंथ आफ कैनाल्ज़ इन हरियाणा 1967–68 में इनकी लम्बाई थी 5666 माइल और 1973–74 में 6337 माइल और हमने पिछले छः, सात साल में 3125 क्यूसिक पानी किसानों और बढ़ाया है। आगमैंट ान ट्यूबवैल्ज़ से, नहरों को पक्का करके, उसके सीपेज़ के लास को कम करके इससे हमने 3125 क्यूसिक पानी लोगों के लिए ज्यादा बढ़ाया है और हमने कई नहरें पक्की भी की हैं। उनके बारे मैं भाायद इरीगे ान ऐंड पावर मिनिस्टर ने नहीं बताया। आगमैंटे ान कैनाल, पटवार डिस्ट्रीब्यूटरी, दिल्ली पैरेलल, हांसी ब्रांच, लाइनिंग आफ दिल्ली ब्रांच, लाइनिंग आफ दिल्ली टेल डिस्ट्रीक्यूटरी, लाइनिंग भलोट ब्रांच, लाइनिंग भुटाना ब्रांच, लाइनिंग सुन्दर सब ब्रांच इनसे हमको 520 क्यूसिक पानी भी बचा और इनकी अलाइनिंग भी हुई। और ड्रेन नम्बर आठ जो है, उसकी हमने लिफ्ट इरीगे ान स्कीम बनाकर तीन जगह उसका पानी इस्तेमाल किया है। इसको पूरा हाउस जानता है। और डेज़र्ट एरियाज में स्पीकार साहब, हमने जो किया किया है, उसका करना जरूरी था। अगर डेज़र्ट एरियाज में हम यह काम नहीं करते, तो वह बाकी प्रांत के ऊपर भार बनकर रहते। आज क्रिटिसाइज किया जा सकता है कि चीफ मिनिस्टर उस इलाके का है, आज

क्रिटिसाइज किया जा सकता है कि इरीगे ान ऐंड पावर मिनिस्टर उस इलाके का है ––(व्यवधान)–– इस समय स्पीकर साहब, ड्राउट अफैक्टिड एरियाज में नहर कैनाल और दूसरी कैनाल्ज के ऊपर और सड़कों के ऊपर तकरीबन 20 हजार आदमियौं को रोजाना काम दे रखा है ड्राउट अफैक्टिड एरियाज में और वाटर कोर्सिज जिनमें पानी के लासिज ज्यादा होते हैं।

चौधरी चांद रामः यह भी बता दो कि वह आदमी कहां के हैं ? हरियाणा के उनमें कितने हैं।

चौधरी बंसी लालः हमने यह स्ट्रिक्ट हिदायत दे रखी है कि सिर्फ हरियाणा के आदमियों को ही लगाओ। अगर किसी ने गलत एड्रैस देकर हरियाणा का लिखाकर काम ले लिया हो तो मैं नहीं कह सकता। वरना हमारी स्ट्रिक्ट हिदायतें हैं कि आज के हालत में जब हमारे यहां ड्राउट कंडी ान्ज़ हैं, तो सिर्फ हरियाणा के आदमी को ही काम दिया जाए। बाकायदा लिखित हिदायतें जारी की हुई हैं ––(व्यवधान)–– आप जाकर देख आओ कि हरियाणा के हैं। आपक जाकर उनके एड्रैस देख आओ। और अगर कोई पड़ौस का कोई गरीब भाई भी कमाकर खा जाए तो क्या बुरी बात है। स्पीकर साहब जहां तक सड़कों का सवाल है, 1 नवम्बकर 1966 को जब हरियाणा बना तो 5100 किलोमीटर सड़कें थीं और 1366 गांवों को कनैक्ट करती थी, आज नवम्बर 1973 में सड़कों की तादाद हो गई है 14 हजार 70 किलोमीटर और 4258 गांवों तक सड़क पहुंच गई हैं। यानि मौजूदा सरकार के आने के

बाद 2872 गांवों को सड़कें दी गई हैं। पी0डब्ल्यू0डी0 पब्लिक हैल्थ ने करीब 700 गांव को पानी दिया है और 745 गांव को 31 मार्च तक हम पानी दे पाएंगे और जब हरियाणा प्रांत बना तो सिर्फ 170 गांवों को पीने का पानी दिया हुआ था। ट्रांसपोर्ट का स्पीकर साहब, हमारा कम्पलीट नै ानेलाइजे ान हो चुका है और 31 मार्च 1974 तक हमारा फ्लीट करीब 1850 का हो जाएगा और पैसेन्जर्ज़ को जितनी फैसिलिटीज देनी चाहिए, उतनी हम दे रहे हैं। चौधरी राम लाल ने अपनी तकरीर में या किसी सवाल में जिक्र किया था कि पैसेन्जर्ज़ को फैसिलिटीज कितनी दे रहे हैं। प्राइवेट औप्रेटर्ज, चौधरी राम लाल जो देते थे, उससे कई गुणा ज्यादा फैसिलिटीज हम दे रहे हैं और टूरिज्म में किसी एक सज्जन ने यह कहा था कि इसमें नुक्सान हो रहा है। नुक्सान नहीं हो रहा है। टुरिज्म में हम लाखों रुपया कमा रहे हैं। बिल्कुल भी नुक्सावन नहीं उठा रहे हैं। टाउन ऐंड कन्ट्री प्लांनिंग का जो डिपार्टमैंट है, उसने बहुत अच्छा काम किया है और बहुत अच्छा काम करता जा रहा है और अर्बन ऐस्टेट बनाते जा रहे हैं फरीदाबादी, गुड़गांवा, सोनीपत, बहादुरगढ़, हिसार, रोहतक, जींद, भााहबाद, पंचकूला, भिवानी, अम्बाला, करनाल, ये न्यू ए एस्टेट्स हम कुरूक्षेत्र, पानीपत, लाडवा, रिवाड़ी वगैरह यह हम सब करते जा रहे हैं। इसके ऊपर भी हमने अच्छा खासा खर्च किया है और इसके साथ साथ महकमें ने बहुत अच्छा काम किया है। स्पीकर साहब, मेरे साथी जो मेरे सामने बैठे हैं चाहे वह कितनी ही बुराई करें, अपने भीतर से वह यह समझते हैं कि काम हुआ है और काम होता रहना चाहिए। लेकिन इनका

जो क्रिटीसिज्म है, उसकी मैं तारीफ करता हूं, क्रिटिसिज्म करें यह बहुत अच्छी बात है और जो जवाब मैंने नहीं दिए, इनकी स्पीच में जो जो बातें आईं, जो जो कमियां हैं, उन कमियौं को दूर करने की पूरी कोि ा ा करेंगे और अपोजी ान बैंचिज़ दोनों मिलकर आगे बढाएं, इसकी तरक्की करें। हमारी यही नीयत होगी। हम अपोजी ान से कोई बात कभी कभी छिपाकर नहीं रखना चाहते। इन भाब्दों के साथ मैं सदन से प्रार्थना करूंगा कि गवर्नर साहब को यह मो ान आफ थैंक्स भेज दिया जाए।

Mr. Speaker: Now I will put the amendments to the vote of the House. The first amendment is by Chaudhri Dal Singh.

Chaudhri Dal Singh: I withdraw my amendment.

Mr. Speaker: Is it the pleasure of the House that the amendment be withdrawn ?

Voices : Yes.

The amendment was, by leave of the House, withdrawn.

Mr. Speaker: The second amendment is by Chaudhri Ram Lal and Chaudhri Shiv Ram Verma.

Chaudhri Ram Lal Wadhwa: I also withdraw my amendment.

Mr. Speaker: Is it the pleasure of the House that the amendment be withdrawn ?

Voices: Yes.

The amendment was, by leave of the House, withdrawn.

Mr. Speaker: Question is-

"That the members of the Haryana Vidhan Sabha assembled in this Session are deeply grateful to the Governor for the Address which he has been pleased to deliver to the House on the 1st January, 1975."

The motion was carried.

Mr. Speaker: The House stands adjounred till 9.30 a.m. tomorrow.

18.28 बजे

(The Sabha then adjourned till 9.30 a.m. tomorro, the 8th January, 1975.)